चैत्र शुक्ल पक्ष-14, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 306 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
22 अप्रैल 2024 सोमवार

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
37 अधिकतम
24 न्यूनतम



Page- 7

# राजगढ़ में होगी मोदी मैजिक की असली परीक्षा



प्रसंगवश
राजेश सिरोठिया

राजगढ़ संसदीय क्षेत्र में भाजपा के दो बार के सांसद रहे रोडमल नागर की इज्जत दांव पर लग गई है। कांग्रेसी दिग्गज दिग्विजय सिंह के सामने उनकी उम्मीदवारी काफी बौनी नजर आ रही है तो इसकी प्रमुख वजह यही है कि न तो उनकी पार्टी के भीतर कोई छवि बची है और न जनता के बीच उनको लेकर किसी तरह का सहानुभूति का भाव है। उल्टे जनता उनको हिकारत भरे भाव से देख रही है तो भाजपा के कार्यकर्ता भी दस साल तक नागर की ओर से अपनाए गए उपेक्षा से व्यथित हैं। जनता और भाजपा के उनके प्रति नकारत्मक रवैये के चलते उनकी सारी उम्मीदें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मैजिक पर टिक गई हैं। छिंदवाड़ा से पिछले तीनों चुनावों से दूरी बनाकतर चलने वाले नरेंद्र मोदी ने यदि राजगढ़ में कोई करिश्मा किया तो ही वहां कोई चमत्कार हो सकता है।

छिंदवाड़ा से तो नरेंद्र मोदी ने पिछले तीनों चुनावों से दूरी बनाकर रखी लेकिन इस बार छिंदवाड़ा में कांग्रेस के दिग्गज कहे जाने वाले कमलनाथ की इज्जत को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दांव पर लगा दिया है। न सिर्फ शाह ने छिंदवाड़ा में कमलनाथ और उनके बेटे नकुलनाथ के खिलाफ मोर्चा खोला बल्कि उन्होंने प्रदेश भाजपा के क्षत्रप कहे जाने वाले नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को झोंक दिया। यही नहीं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटैल के साथ ही मुख्यमंत्री मोहन यादव को भी भाजपा को जिताने के टास्क पर लगाया। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का भी दौरा हुआ। यानि कमलनाथ के कंधों पर छिंदवाड़ा में कांग्रेस के उस किले को बचाने की चुनौती है जो ईवीएम में कैद हो चुकी है। वह सीट जिस पर कांग्रेस आपातकाल में जनता लहर के बावजूद बची रही। यह सीट केवल एक उपचुनाव में कांग्रेस के हाथ के निकली जब कमलनाथ ने अपनी पत्नी अलकानाथ को इस्तीफा दिलाकर उपचुनाव लड़ा लेकिन भाजपाई दिग्गज सुंदरलाल पटवा के हाथों चुनाव गवां बैठे। अब एक बार फिर छिंदवाड़ा में नाथ की इज्जत दांव पर है।



इसके विपरीत भाजपा के लिहाज से अहम समझी जाने वाली सीट राजगढ़ में रोडमल नागर की सीट जनता और भाजपा के कार्यकर्ताओं की खुन्नस के चलते हुरी तरह फंस गई है। कांग्रेस टिकट पर चुनावी मैदान में डटे पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की 1991 के बाद लोकसभा क्षेत्र में धमाकेदार एंट्री हुई है। इस लोकसभा क्षेत्र की यूं तो आठ में से छह पर भाजपा का छह महीने पहले हुए विधानसभा चुनाव में कब्जा हुआ है। यानि राघोगढ़ और सुसनेर की सीट ही कांग्रेस के कब्जे में है। लेकिन राजगढ़ इलाके के दोनो विधायकों के साथ पूर्व और हारे विधायक पूरी शिद्दत से चुनावी समर में डट गए हैं। फिर चाहे वह ब्यावरा के पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी हों या राजगढ़ के बापूसिंह तंवर। जहां दिग्विजय सिंह ने परचा दाखिल करने के साथ ही इलाके में अपनी ताकत झोंक दी है। रविवार को उन्होंने जीरापुर, सुसनेर, चाचौड़ा और बीनागंज में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर कार्यकताओं में उत्साह फूंकने की कोशिश की तो ब्यावरा में लोकसभा क्षेत्र के मौजूदा और पूर्व विधायकों के साथ ही प्रमुख नेताओं के साछ बंद कमरे में बैठक लेकर जीत का मंत्र फूंका।

जहां तक भाजपा की बात करें तो रोडमल नागर से रूठा कार्यकर्ता घर बैठा हुआ है। जनता में उनके प्रति नकारात्मक भाव साफ देखा और पढ़ा जा सकता है। भाजपा के एक वरिष्ठ कार्यकर्ता ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर बताया कि नागर के लिए बस भाजपा के पोलिंग ऐजेंट का सहारा मिला हुआ है। वही नागर के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे हैं। लेकिन इतना ही उन्हें जिताने के लिए काफी नहीं है क्योंकि कांग्रेस और जनता से ज्यादा भाजपा के कार्यकर्ता ही उन्हें हराने पर आमादा हैं। भाजपा के रणनीतिकार रोडमल और राजगढ़ की सीट को कैसे बचाएंगे, यह एक बड़ा सवाल बन गया है।

कांग्रेसी रणनीतिकारों ने नागर के प्रति उपजे भाव को भांपते हुए चुनाव को दिग्विजय सिंह बनाम रोडमल रखने की योजना बना रखी है। वे राजगढ़ के चुनाव को स्थानीय बनाए रखने के पूरे जतने कर रहे हैं। न सिर्फ उसे राष्ट्रीय बनाने से परहेज कर रहे हैं, बल्कि उनकी यह भी कोशिश है कि चुनाव कांग्रेस बनाम भाजपा न हो। पोलिंग बूथ पर भाजपा की ताकत को कांग्रेसी कमतर मानकर नहीं चल रहे हैं। राघोगढ़ विधायक और दिग्विजय सिंह के पुत्र पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह कहते हैं कि कांग्रेस का ध्यान हर पोलिंग बूथ पर टिकाऊ और तगड़े एजेंटों को बिठाने पर है। भोपाल में हुए पिछसे चुनाव की बात अलग थी लेकिन बिकाऊ किस्म के पोलिंग एजेंट की समस्या राजगढ़ में कतई नहीं है।

दिग्विजय सिंह ने रविवार को ब्यावरा से अजगरी चाचौड़ा के बीच पूर्व मंत्री और कांग्रेसी विधायक रामनिवास रावत को अपने साथ कार में बिठाकर भाजपा में नहीं जाने की समझाईश दी। इसके बाद कार्यकर्ता सम्मेलन में उनका भाषण भी कराया। अजगरी में पूर्व भाजपा विधायक और पिछले चुनाव में आप की उम्मीदवार रहीं ममता मीणा का भाषण कराया। ममता ने कहा कि आप पार्टी राजगढ़ में राजा साब का पूरा समर्थ करेगी। कुल मिलाकर प्रदेश में सभी 29 सीटें जीतने का दावा करने वाली भाजपा के लिए राजगढ़ सीट बचाना बेहद चुनौतीपूर्ण हो गई है। यहां नरेंद्र मोदी के मैजिक का असली लिटमस टेस्ट होगा। दिग्विजय सिंह कहते हैं कि लोससभा चुनाव के पहले दौर में मतदान के गिरते प्रतिशत ने यह साफ संकेत दिया है कि देश में मोदी का जादू उतर रहा है।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सियाचिन में, जवानों से करेंगे बात

**लेह/जम्मू।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लद्दाख के लेह में थोइस हवाई अड्डे पर पहुंचे हैं। जहां वह सियाचिन में तैनात सशस्त्र बलों के जवानों से बातचीत करेंगे।



आज सुबह ही दिल्ली से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सियाचिन के लिए विमान से रवाना हुए थे। उन्होंने एक्स पर पोस्ट साझा कर लिखा कि सियाचिन के लिए दिल्ली से रवाना हो रहा हूं। वहां तैनात हमारे साहसी सशस्त्र बल कर्मियों के साथ बातचीत करने के लिए उत्सुक हूं। होली पर भी राजनाथ का सियाचिन जाकर सैनिकों के साथ त्योहार मनाने का कार्यक्रम था, लेकिन खराब मौसम के चलते उनका कार्यक्रम स्थगित हो गया था। गौरतलब है कि पिछले सप्ताह भारतीय सेना ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सियाचिन ग्लेशियर पर अपनी मौजूदगी के 40 साल पूरे किए।

## कुवैत में पहली बार शुरू हुआ हिंदी रेडियो

**कुवैत।** खाडी देश कुवैत में पहली बार हिंदी में रेडियो का प्रसारण शुरू हुआ है। वहां मौजूद भारतीय दूतावास ने इसकी जानकारी दी है।



भारतीय दूतावास ने प्रत्येक रविवार को कुवैत रेडियो पर एफएम 93.3 और एएम 96.3 पर एक हिंदी कार्यक्रम शुरू करने के लिए कुवैती संचार मंत्रालय की सराहना की है। भारतीय दूतावास ने कहा कि कुवैत की तरफ से उठाया गया यह कदम दोनों देशों के बीच रिश्ते को मजबूत बनाएगा। भारतीय दूतावास ने कहा, कुवैत में पहली बार हिंदी रेडियो प्रसारण की शुरुआत! हम एक हिंदी कार्यक्रम शुरू करने के लिए कुवैती संचार मंत्रालय की सराहना करते हैं।

### मुख्यमंत्री यादव देवास व उज्जैन में भाजपा उम्मीदवार के दाखिल करा रहे परचे

# अब प्रचार के आखिरी दो दिन, कई बड़ी सभा व रोड शो के मैप तैयार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिये नेताओं की दौड़धूप अगले दो दिन और तेज रहेगी। प्रचार की समयसीमा 24 अप्रैल की शाम खत्म हो जाएगी। लिहाजा भाजपा और कांग्रेस के नेता व्यापक संपर्क सभा व रोड शो करेंगे। पहले चरण के मतदान आंकडों के बाद भाजपा ने जमकर ताकत झोंकी है।



इस कडी में पीएम नरेंद्र मोदी व अमित शाह की सभा होने वाली हैं। आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अपने गृहक्षेत्र उज्जैन में भाजपा उम्मीदवार के नामांकन में शामिल हो रहे हैं,इसके पहले वे देवास के भाजपा प्रत्याशी का पर्चा दाखिल करा रहे हैं। उधर भाजपा अपनी प्रतिद्ंदी कांग्रेस को झटके देने के मिशन पर जुटी है। गुना लोकसभा क्षेत्र में अपनी पकड़ को मजबूत करते हुए भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया ने देर रात नगर पालिका अध्यक्ष चन्देरी दशरथ संतोष कोली समेत तीन पार्षदों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। इनके अलावा आज छह कांग्रेस नेताओं - देवेंद्र सिंह रघुवंशी (पूर्व जिला महामंत्री कांग्रेस); प्रहलाद सिंह सोनी (पूर्व जिला अध्यक्ष), अमित अग्रवाल (व्यापारी प्रकोस्ट युवा नेता), कैलाश नारायण शर्मा (कर्मचारी, कांग्रेस), वीरेंद्र बागड़ी पिपरिया, अशोक बंसल (अग्रवाल समाज सदस्य) ने भी अशोकनगर में मंत्री सिंधिया की उपस्थिति में भाजपा की सदस्यता ली।



दूसरी तरफ पूर्व विधायक कमलेश सुमन भी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में फिर शामिल हो गये हैं। सुमन ने चार महीने पहले विधानसभा चुनाव में भाजपा छोड़कर कांग्रेस की सदस्यता ली थी। वे अंबाह विधानसभा से साल 2008 से 2013 तक भाजपा से विधायक रहे हैं। जब भाजपा ने टिकट नहीं दिया तो वे कांग्रेस में चले गये थे।

### मुद्दे को लटकाती व भटकाती रही कांग्रेसः शाह

**केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज छग के कांकेर में कहा कि कांग्रेस राम मंदिर के मुद्दे को लटकाती और भटकाती रही है। देश ने नरेंद्र मोदी को दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया तो उन्होंने राम मंदिर का केस जीता और श्री राम मंदिर का निर्माण करवाया। गौरतलब है कि कल मोदी की छतीसगढ मे दो सभा हैं। वे 24 को मप्र में भी हरदा समेत दो सभा व शाम को भोपाल में बडा रोड शो करने वाले हैं।**



## दिल्ली में कल से धधक रहे कूड़े के पहाड़, हवा जहरीली




**नई दिल्ली, एजेंसी।**

राष्ट्रीय राजधानी भी कचरे के ढेर से परेशान है। अब गाजीपुर लैंडफिल साइट पर रविवार शाम से ही लगी आग अभी बुझ नहीं सकी है। इस आग की वजह से आसपास के इलाके में जहरीली गैस फैल गई है, जिसकी वजह से लोगों को सांस लेने में भी दिक्कत हो रही है। लैंडफिल साइट पर आग इतनी तेज है कि धुएं का गुबार आसमान छू रहा है। इस जहरीले धुएं से न केवल दिल्ली वालों बल्कि उससे सटे नोएडा और गाजियाबाद वालों को भी दिक्कत हो रही है। लैंडफिल साइट पर आग बुझाने के लिए दमकल की 30 से ज्यादा गाड़ियां लगी हुई हैं।

## कल्कि के लिए अमिताभ 30 साल के नौजवान, लोग हैरान

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

मेगास्टार अमिताभ बच्चन 80 साल से ज्यादा की उम्र में भी सरप्राइज दे रहे हैं। उनकी इस साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक मानी जा रही 'कल्कि 2898 AD' से एक नया टीजर वीडियो सामने आया है,जिसे देखकर आश्यर्च चरम पर है।



इस वीडियो में फिल्म से अमिताभ का किरदार और उनका फर्स्ट लुक रिवील किया गया है। इसमें टेक्नालाजी की मदद से अमिताभ का एक यंग अवतार भी नजर आ रहा हैं, जिसे देखकर तो जनता आंखें मल रही है। इस वीडियो को नाम दिया गया है 'इंट्रोड्यूसिंग अश्वत्थामा'। वीडियो में अमिताभ का किरदार एक पुराने से मंदिर में नजर आ रहा है। जहां वे बच्चे के सवाल पर बता रहे हैं कि वे कैसे कई सदियों से इसी धरती पर हैं। वीडियो के बीच में उनकी जवानी का भी एक छोटा सा हिस्सा नजर आता है।

## सेंसेक्स संभला, पहले दिन शुरूआत से जागी उम्मीद

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

हालिया उतार के दौर से सहमे बाजार को आज आस बंधी है। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन यानि आज शेयर बाजार ने जोरदार शुरुआत की। बीते सप्ताह की गिरावट पर ब्रेक लगाते हुए बीएसई का 30 शेयरों वाला




सेंसेक्स 400 अंक से ज्यादा की छलांग लगाते हुए खुला, जबकि एनएसई के निफ्टी ने 130 अंकों से ज्यादा की तेजी के साथ कारोबार शुरू किया। इस बीच ऑयल मार्केटिंग कंपनी बीपीसीएल का शेयर 2.35 फीसदी की तेजी के साथ 599.55 रुपये के लेवल पर पहुंच गया। इससे पहले बीते कारोबारी सप्ताह के आखिरी दिन सेंसेक्स 73,088 के स्तर पर क्लोज हुआ था तो नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी इंडेक्स शुक्रवार को ये 22,147 के लेवल पर बंद हुआ था।


**मेट्रो एंकर**

### परीक्षा में पास होने के लिए दे रहे थे नसीहतें....

# बेटे ने लिया पापा से ऐसा बदला कि बवाल मच गया...!

**दिल्ली, एजेंसी।**

आजकल बच्चों को पढाई के लिये जोर देना आम बात है,ताकि बच्चे प्रतिस्पर्धी युग में खुद को ढाल सकें। लेकिन कई बार यह बच्चों को नागवार भी गुजरता है। इसी कडी में इस बार एक बच्चे ने पिता से ऐसे 'बदला' ले डाला की सोशल मीडिया पर लोग चुटकियां ले रहे हैं और हंस हंसकर बेहाल हैं। दरअसल एक मार्कशीट वायरल हो रही है। यह 10वीं की मार्कशीट एक -यूजर ने पोस्ट की है, जिसके कैप्शन में उसने लिखा - पिता जी की मार्कशीट मिल गई। इस वायरल क्लिप में वह बता रहा है कि पिताजी उसे पास होने के लिए बार-बार बोलते थे। अब मुझे उनकी 10वीं की मार्कशीट मिल गई है..। इसके बाद वह जो आगे बोलता है वह गुदगुदा रहा है। यह फनी वीडियो ङ्क हैंडल @desi_bhayo88 से पोस्ट किया गया है, जिसे अब तक करीब 4 लाख व्यूज और हजारों लाइक्स मिल चुके हैं। इस वीडियो में मार्कशीट और मीम्स देखने के साथ-साथ एक लड़के की आवाज भी सुनी जा सकती है। वह बता रहा है कि -'दोस्तों हमारे पिताजी हमको बहुत चिल्लाते थे कि पास हो जाओ, पास हो जाओ... और ये देखिए, 10वीं में जितने भी विषय हैं सबमें फेल हो गए थे। ये इनका मार्कशीट है देखिए।'




### इसीलिए तो तुझे समझा रहे हैं...

*कुछ यूजर्स ने दिलचस्प कमेंट किए हैं। एक ने लिखा है - इसलिए तो तुझे बोल रहे हैं कि पास हो जाओ। एक अन्य यूजर ने लिखा कि मैंने भी अपने पापा की मार्कशीट देखी है। जबकि अन्य यूजर इस क्लिप को देखकर हंसी कंट्रोल नहीं कर पा रहे हैं। गौरतलब है कि ज्यादातर घरों में माता-पिता अपने बच्चों को पढ़ाई-लिखाई के लिए टोकते रहते हैं। परीक्षा से पहले बच्चों के रूटीन पर सख्ती बढ़ा दी जाती है। कल ही यूपी बोर्ड रिजल्ट 2024 घोषित किया गया है। इसीक के साथ यह वीडियो खूब वायरल हो रहा है।*

इस वीडियो के दो पहलू हैं, बेटे का पिता शायद अपने अनुभव के चलते बेटे को परीक्षा पास करने के लिये कहता है, या बेटे को जिंदगी में इस मामले में संजीदगी की अपेक्षा करता है। मगर यह साफ है कि आजकल इंटरनेट पर कब, क्या और कैसे वायरल हो जाए, इस बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता है। वैसे पिता-पुत्र के रिश्ते पर अक्सर माना जाता है कि दोनों के बीच सम्मान और डर का मिला-जुला रिश्ता होता है। बेटे अक्सर अपनी मां के करीब और पिता से एक सम्मानजनक दूरी रखते हैं।

## मौसम का नया रंग



राजधानी में मौसम के रंग देखने को मिले। सुबह काले घने बादल छाए रहे। तेज हवा के साथ शहर के कई इलाकों में बारिश होने लगी। बाद में बादलों के बीच से धूप ने आमद दी।

# स्टेशनों के रीडेवलपमेंट के कामों में लानी होगी तेजी

### जीएम का दौरा व निर्देश

### देश में 1200 स्टेशनों का किया जा रहा रीडेवलपमेंट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पश्चिम मध्य रेलवे में जिन स्टेशनों का रीडेवलपमेंट किया जा रहा है, उनके काम में तेजी लानी होगी। यानी काम समय सीमा में करना होगा, ताकि काम की लागत को बढ़ने से रोकने के साथ–साथ रेल यात्रियों को समय पर पुर्ण विकसित स्टेशन उपलब्ध कराया जा सके। हाल ही में पश्चिम मध्य रेलवे की जीएम शोभना बंदोपाध्याय ने ऐसे स्टेशनों का जोन में निरीक्षण कर कामों की प्रगति का जायजा लिया है। साथ ही जल्द काम पूरा करने के निर्देश दिए हैं।



असल में मिशन रफ्तार एवं अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास हेतु अधोसरंचनात्मक कार्य किए जा रहे हैं। सम्पूर्ण भारतीय रेल में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 1200 से अधिक स्टेशनों का कायाकल्प किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत भोपाल, जबलपुर व कोटा मंडल के स्टेशनों पर काम किए जा रहे हैं। कोटा मंडल के 17 स्टेशनों को कुल 356.85 करोड़ की लागत से उन्नत यात्री सुविधाओं के साथ अपग्रेड किया जा रहा है। जिसमे सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, भवानी मंडी, बारां, छबरा गुगोर, झालावाड सिटी, चौमहला, शामगढ़, मांडलगढ, भरतपुर, बयाना, श्रीमहावीरजी, हिंडौन सिटी, रामगंजमंडी, बून्दी, विक्रमगढ़ आलोट एवं गरोठ स्टेशन शामिल है। इन स्टेशनों में से डकनिया व सवाई माधोपुर स्टेशन पर जीएम ने दौरा किया और स्थिति जानी। अगले चरण में वह भोपाल रेल मंडल का दौरा करेंगी।

# बीयू ने यूजी के परीक्षा आवेदन की बढ़ाई तारीख, अब 23 अप्रैल तक मौका

### बीए, बीएससी, बीकाम, बीबीए या बीसीए के प्रथम वर्ष के लिए होंगे आवेदन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) के स्नातक (यूजी) विद्यार्थियों के लिए काम की खबर है। बीयू प्रबंधन ने यूजी की परीक्षा आवेदन की तारीख में इजाफा किया है। जिसके बाद 23 अप्रैल तक परीक्षा के लिए आवेदन किए जा सकेंगे। अब यूजी पाठ्यक्रम के बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए या बीसीए के प्रथम वर्ष के विद्यार्थी परीक्षा फार्म 23 तारीख तक भर सकते हैं। वहीं 24 से 26 अप्रैल तक 300 रुपये विलंब शुल्क के साथ फार्म जमा कर सकते हैं। साथ ही 1000 रुपये विशेष विलंब शुल्क के साथ 27 अप्रैल से परीक्षा शुरू होने के तीन दिन पूर्व तक निर्धारित है। वहीं 4000 रुपये विशेष विलंब शुल्क के साथ परीक्षा शुरू होने के दो दिन पहले तक कर सकते हैं।

### इसलिए बढ़ाई तारीख

अभी तक फार्म जमा करने की आखिरी तारीख 10 अप्रैल थी, लेकिन परीक्षा फार्म जमा करने के लिए विद्यार्थियों को अपार आईडी करने के कारण परेशानी हो रही है। सबसे ज्यादा समस्या पूरक प्राप्त विद्यार्थियों के आवेदन जमा करने में हो रही है। इस कारण बीयू ने फार्म जमा करने की तारीख बढ़ा दी है।

### 213 लैक्चर अपलोड, 528 ऑडियो बुक्स भी उपलब्ध

# भोज विवि में विद्यार्थियों के लिए यूट्यूब चैनल तैयार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र भोज मुक्त विश्वविद्यालय में प्रवेश की प्रक्रिया जारी है। इसी बीच अब विद्यार्थियों को आसानी से पाठ्यक्रम उपलब्ध कराने की दिशा में भी विवि प्रबंधन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। विद्यार्थियों के लिए यूट्यूब चैनल तैयार किया है। जिस पर यूजी-पीजी के अलग-अलग विषयों की 213 लेक्चर अपलोड किए गए हैं। भोज विवि के यूट्यूब चैनल को देश-प्रदेश के विद्यार्थियों के अलावा विदेशी विद्यार्थी भी देख रहे हैं। इसके अलावा 528 आडियो बुक्स भी उपलब्ध कराई हैं। वहीं दिव्यांग श्रेणी के विद्यार्थियों को शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारतीय पुनर्वास परिषद नई दिल्ली के सहयोग से विवि द्वारा बीएड (स्पेशल एजुकेशन), पीजीपीडी एवं फाउंडेशन कोर्स पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इसका चयन भारतीय पुनर्वास परिषद द्वारा किया जाता है। इसके अलावा किताबों को भी ऑनलाइन करने की काम जारी है।




### 33 देशों के विद्यार्थी फॉलो कर रहे

वर्तमान में इन वीडियो को 33 देशों के विद्यार्थी फॉलो कर रहे हैं। यह लैक्चर अलग-अलग विषयों में 10 से अधिक विशेषज्ञों द्वारा तैयार किए गए हैं। यह आडियो-वीडियो हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में तैयार किए गए हैं। ताकि दोनों माध्यम के विद्यार्थियों को इसका लाभ मिल सके।

### पढ़ाई छोड़ने वालों से भी किया जा रहा है संपर्क

बताया जा रहा है कि भोज विवि द्वारा पढ़ाई छोड़ने वाले विद्यार्थियों को वापस शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। जॉब या व्यापार या किसी अन्य वजह से 12वीं के बाद पढ़ाई छोड़ चुके युवाओं को फिर एजुकेशन से जोड़ा जा रहा है। एनजीओ और सामाजिक सरोकार से जुड़ी संस्थाओं के माध्यम से ऐसे छात्रों से संपर्क किया जा रहा है।

# भारतीयों को सनातन मूल्य ऋषि-मुनियों से मिले

### पीआरएसआई ने राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस पर वाधवा को किया अलंकृत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सब सुखी हों, सब दुर्बलता से मुक्त हों, सब अच्छाई देखें, कोई दुःख का शिकार न हो। हम भारतीयों को ये मूल्य हमारे ऋषि-मुनियों से मिले हैं, जिन्होंने निस्वार्थ भाव से दुनिया भर में संपूर्ण मानवता के लिए प्रार्थना की। यह उद्गार वरिष्ठ पत्रकार एवं लेडी श्रीराम कॉलेज नई दिल्ली पत्रकारिता विभाग की प्रमुख डॉ. वर्तिका नन्दा ने पब्लिक रिलेशंस सोसायटी ऑफ इंडिया के भोपाल चैप्टर द्वारा राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस पर आयोजित व्याख्यान में व्यक्त किए। उन्होंने सनातन मूल्य और उभरता भारत- जनसंपर्क के परिप्रेक्ष्य में विषय पर विशेष व्याख्यान में कहा कि सनातन का मतलब सत्य से है, और सत्य ही शाश्वत है। उन्होंने भीम बैठिका का जिक्र करते हुए कहा कि हमें अपने



ऐतिहासिक धरोंहरों पर भी ध्यान देना चाहिए, साथ ही समाज के वंचित लोगों की समस्याओं से भी सरोकार रखना होगा। इस अवसर पर विशेष अतिथि पद्मश्री वैद्य डॉ. बालेन्द्र प्रकाश ने भी अपने विचार रखते हुए आयुर्वेद के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विशलेषक गिरिजा शंकर ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में पीआरएसआई भोपाल के अध्यक्ष मनोज द्विवेदी ने स्वागत भाषण में संस्था के कार्यों के बारे में बताया साथ ही उन्होंने पीआरएसआई के राष्टीय अध्यक्ष अजीत पाठक के संदेश को भी पढ़कर सुनाया।

कार्यक्रम के दूसरे चरण में जनसंपर्क विभाग के अपर संचालक श्री जी.एस.वाधवा को लोक संपर्क सम्मान सहित 19 महिला पत्रकार व संचारकर्मियों को अचला एवं उदिता अवार्ड से सम्मानित किया गया।



**मिलन समारोह**

जवाहर चौक स्थित चित्रांश भवन में हिंदू नव वर्ष मिलन समारोह का आयोजन में लाल बहादुर शास्त्री के पुत्र अनिल शास्त्री ने अनेक कायस्थ विभूति का सम्मान किया। फोटो निर्मल व्यास

**मेट्रो एंकर**

### नवनिध कन्या विद्यालय में आशीर्वाद समारोह

# 'कॉलेज में मित्रता करने से पहले लोगों को परखें'

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

प्रवेश लेने के पश्चात अपने सीनियर्स के शालीनता रखकर व्यवहार करें ताकि आपको वहां किसी भी तरह की परेशानी न हो। मित्रता करने से पहले लोगों को परखें। स्वार्थी लोगों से दूर रहें। यह बात शहीद हेमू कालाणी एज्युकेशन सोसायटी के अध्यक्ष सिद्धभाऊजी ने कहा। वह नवनिध कन्या विद्यालय के आशीर्वाद समारोह में बोल रहे थे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई।

भाऊजी ने कहा, आप हमेशा विद्यालय में अनुशासन में रही हैं। महाविद्यालय में स्वच्छंदतापूर्ण वातावरण मिलेगा। वहां जाकर ऐसे मित्रों का चयन करना है, जो हमें आगे बढ़ने में मदद करें। माता- पिता के त्याग को सामने रखकर सही निर्णय लें। संस्था के केएल रामनानी ने कहा कि विद्यालय के बाद महाविद्यालय में प्रवेश करना आपके जीवन की दूसरी पारी की शुरुआत है। विद्यालय में शिक्षक व्यवहारिक ज्ञान और किताबी ज्ञान सिखाते हैं और आपके माता-पिता हर कदम पर आपका साथ देते हैं। महाविद्यालय में




अपेक्षाएं अधिक हैं। स्वयं का आकलन खुद करना है।

विद्यालय की प्राचार्य अमृता मोटवानी और संत कन्या महाविद्यालय की उप प्राचार्या मीनू टहलयानी ने कहा लक्ष्य तक पहुंचने के लिए पहले अपनी मंजिल का निर्धारण करें। विद्यालय के बाद की शिक्षा के लिए उचित महाविद्यालय का चयन आवश्यक है। विद्यालय द्वारा कक्षा 12वीं की छात्राओं को उपहार स्वरूप स्मृति चिन्ह एवं पौधे प्रदान किए गए। छात्राओं ने विद्यालयीन जीवन के अपने अनुभव साझा किए।

कार्यक्रम में सोसायटी के उपाध्यक्ष हीरो ज्ञानचंदानी, सचिव घनश्याम बूलचंदानी, सह सचिव के. एल. रामनानी, अकादमिक डायरेक्टर गोपाल गिरधानी, मैनेजमेंट मेंबर के.एल. लुहाना, भगवान दामानी, मनोहर वासवानी, राजकुमार मूलचंदानी, उपप्राचार्य रेखा केवलानी, विद्या सागर पब्लिक स्कूल की प्राचार्या मिष्ठी वासवानी व शाला परिवार के सदस्य मौजूद थे।

# राहुल को भाजपा ने दी बूथ प्रबंधन की जिम्मेदारी



**हिरदाराम नगर।** भाजपा ने भोपाल संसदीय सीट के लिए प्रबंधन की जिम्मेदारी जिला उपाध्यक्ष राहुल राजपूत को सौंपी है। राजपूत संसदीय सीट की आठ विधानसभा क्षेत्रों के 43 मंडलों एवं 2335 बूथ के प्रबंधन देखेंगे। मंडल एवं बूथ स्तर पर बैठकें शुरू कर दी हैं। सात मई को भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा के पक्ष में मतदान कराने के लिए कार्यकर्ताओं से संवाद कर रहे हैं।

# भारत- तिब्बत सहयोग मंच में राधे महाराज प्रांत मंत्री



**हिरदाराम नगर।** भारत-तिब्बत सहयोग मंच में संतनगर के चन्द्रशेखर तिवारी (राधे महाराज) को मध्यभरत प्रांत का मंत्री नियुक्त किया गया है। मंच तिब्बत की आजादी, कैलाश मानसरोवर की चीन के कब्जे से मुक्ति के लिए काम कर रहा है, जो राष्टीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक डॉ इंद्रेश कुमार के मार्गदर्शन में अंतरराष्टीय स्तर पर काम कर रहा है। देश में जन जागरण अभियान चला रहा है। चंद्रशेखर तिवारी की नियुक्ति मंच के राष्टीय महामंत्री पंकज गोयल की सहमति से की गई है।

## दूसरे चरण की सात सीटों पर 26 को होगा मतदान

# दूसरे चरण की तैयारियां तेज, तीसरे चरण के लिए नाम वापसी का आज अंतिम दिन






**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मध्यप्रदेश में 6 लोकसभा सीटों पर मतदान होने के बाद अब दूसरे चरण की छह सीटों पर मतदान के लिए तैयारियां तेज हो गई हैं। वहीं तीसरे चरण के चुनाव के लिए भी प्रक्रिया जारी है। तीसरे चरण की नौ सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए सोमवार को नाम वापसी का अंतिम दिन है। इसके बाद इन सभी सीटों पर तस्वीर साफ हो जाएगी। तीसरे चरण में मुरैना, भिंड, ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, भोपाल, राजगढ़ और बैतूल लोकसभा सीट पर चुनाव होना है। तीन बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। इसके बाद अभ्यर्थियों को प्रतीक चिन्ह का आवंटन कर दिया जाएगा। इन सीटों के लिए मतदान सात मई को होगा।

### दूसरे चरण में 80 प्रत्याशी

दूसरे चरण की छह सीटों दमोह, टीकमगढ़, खजुराहो, सतना, रीवा और होशंगाबाद में 26 अप्रैल को मतदान होना है। इन सीटों पर मैदान में डटे उम्मीदवारों की सूची निर्वाचन आयोग ने जारी कर दी है। यहां कुल 80 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इनमें से 75 पुरुष, चार महिला और एक थर्ड जेंडर प्रत्याशी भी है।

### अब तक 2 लाख 73 हजार लाइसेंसी शस्त्र थानों में जमा कराए

आदर्श आचरण संहिता के चलते प्रदेश में अब तक 2 लाख 73 हजार 432 लाइसेंसी शस्त्र थानों में जमा करा लिये गए हैं। प्रदेश में 46 हजार 832 गैर जमानती वारंटों की तामीली भी हो चुकी है। कुल 792 शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर दिए गए हैं। कार्रवाई के दौरान पुलिस द्वारा अब तक 3 हजार 344 अवैध हथियार, 934 कार्टिज एवं 6 विस्फोटक पदार्थ जब्त किए हैं। 2 लाख 11 हजार 651 व्यक्तियों पर विभिन्न धाराओं में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जा चुकी है। प्रदेश में कुल 312 अंतर्राज्यीय नाकों एवं 522 आंतरिक नाकों से कड़ी निगरानी की जा रही है।

### वोटिंग को बढ़ावा देने स्लोगन प्रतियोगिता, 51 हजार का मिलेगा इनाम, 25 तक स्पर्धा में ले सकते हैं हिस्सा

वोटिंग को बढ़ावा देने के लिए चुनाव आयोग प्रत्येक वोट जरूरी है विषय पर एक प्रतियोगिता करवा रहा है। इसमें अच्छे से अच्छा स्लोगन लिखना है, जो कि वोट डालने के लिए प्रेरित करें। सबसे अच्छे स्लोगन को पहले पुरुस्कार के लिए चुना जाएगा और स्लोगन लिखने वाले को 51 हजार रुपये का इनाम दिया जाएगा। इस प्रतियोगिता में 25 अप्रैल तक हिस्सा ले सकते हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत 'प्रत्येक वोट जरूरी है' विषय पर राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। प्रविष्टियों के मूल्यांकन के लिए एक राज्य स्तरीय चयन समिति का गठन भी किया गया है। प्रतिभागियों को अपनी प्रविष्टि 25 अप्रैल तक द्वश्च.द्व4द्द१1.द्वठ्ठ पोर्टल पर भेजनी होगी।

इस तरह दिए जाएंगे पुरुस्कार : **प्रथम पुरस्कार**- 51,000 रुपये एवं प्रमाण पत्र **द्वितीय पुरस्कार** - 21,000 रुपये एवं प्रमाण पत्र **तृतीय पुरस्कार** - 11,000 रुपये एवं प्रमाण पत्र, **10 प्रतिभागियों** को 5,100-5,100 रुपये का विशेष पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

**ये ले सकते हैं हिस्सा :** प्रतिभागी को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए, एक प्रविष्टि अधिकतम 25 से 30 शब्दों की मान्य होगी। प्रविष्टि मौलिक, अर्थपूर्ण एवं हिंदी भाषा में होना चाहिए। उत्तेजक या आपत्तिजनक शब्द का प्रयोग नहीं होना चाहिए, प्रविष्टि के साथ अपना नाम, पता, मोबाइल नंबर एवं ईमेल आईडी भी जरूर लिखें।

### कांग्रेस ने भोपाल में की गोलबंदी

भोपाल लोकसभा संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव के चुनाव-प्रचार और कार्यकर्ताओं को बूथ पर कार्य करने की जिम्मेदारी को लेकर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में नरेला विधानसभा सहित लोकसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं की बैठक बुलाकर वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं को बूथ मजबूत करने पर जोर दिया। प्रत्याशी श्रीवास्तव ने कहा कि आप हमारे सेनापति हैं और हम सभी पर पूरी जिम्मेदारी है कि कैसे हमें बूथ तक पहुंचकर कांग्रेस के पक्ष में एक-एक वोट डलवाना है। उन्होंने कहा कि आपकी तरह ही मैं भी एक साधारण कार्यकर्ता हूं। मेरा मुकाबला भाजपा के आलोक शर्मा से तो है ही लेकिन भाजपा की जुमलेबाजी, झूठ की राजनीति से जनता भी त्रस्त है।

### गुमराह कर रही भाजपा- धनोपिया

प्रदेश कांग्रेस के चुनाव आयोग कार्य प्रभारी जे.पी. धनोपिया ने निर्वाचन आयोग को शिकायती पत्र लिखकर आग्रह किया है कि कहा है कि भाजपा से जुड़े हुए लोग आदिवासियों को गुमराह करके वोट की राजनीति करते हैं विदिशा संसदीय क्षेत्र से लोकसभा प्रत्याशी पूर्व सीएम चौहान को जिताने के लिए 21 अप्रैल को 500 वां गोंडवाना साम्राज्य की वीरांगना महारानी दुर्गावती का जन्म दिवस मना रहे हैं, जबकि उनका जन्म दिवस 5 अक्टूबर 1524 को मनाया जाता है। उपरोक्त कार्यक्रम शासकीय अधिकारी लक्ष्मण मरकाम आईएएस द्वारा भाजपा प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान को लोकसभा चुनाव में वोट दिलवाने के लिए आयोजित किया गया।

### सीएम बोले- दूरदर्शन के भगवा रंग पर आपत्ति क्यों



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रीवा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी जनार्दन मिश्रा के समर्थन में सेमरिया में , सतना लोकसभा के प्रत्याशी गणेश सिंह के समर्थन में अमरपाटन तथा दमोह प्रत्याशी राहुल लोधी के समर्थन में बण्डा में जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हमारे देश के साधु-संत भगवा पहनते हैं। वे संस्कृति की रक्षा करते हैं। भाजपा भी हमेशा से भगवा की पक्षधर रही है। अब दूरदर्शन के लोगों में भगवा रंग हो गया तो कांग्रेस के लोग उस पर भी आपत्ति उठा रहे हैं। हिन्दुओं के चिन्हों से कांग्रेस को हमेशा से नफरत रही है। वर्षों तक हमारे देश पर राज करने वाले अंग्रेजों ने भी जो पाप और काम नहीं किए उन कामों को करने का पाप कांग्रेस पार्टी ने किया है। हम सौभाग्यशाली हैं कि हम उस देश में रह रहे हैं, जहां गीता, गंगा और गौ माता को पूजा जाता है और उनके कारण ही दुनिया में भारत की संस्कृति जीवित है, हमेशा पूजती रही और अब उस संस्कृति एवं भारत माता की आन, शान बान को बचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खड़े हैं। यह चुनाव भारत को दुनिया का नंबर वन देश और मध्यप्रदेश को नंबर एक का प्रदेश बनाने के लिए है। मुख्यमंत्री ने टीकमगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डॉ. वीरेंद्र कुमार खटीक के समर्थन में छतरपुर में आयोजित रोड शो में भी सहभागिता की।

### भारत को विकसित बनाने का चुनाव : शर्मा

चुनाव प्रचार के तहत यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने छतरपुर जिले के राजनगर में नवमतदाता सम्मेलन को चांदला में त्रिदेव व पंच परमेश्वर सम्मेलन को भी संबोधित किया व कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा हैं। यह लोकसभा चुनाव सामान्य न होकर 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने का चुनाव है। सभी नव मतदाताओं को यह मालूम होना चाहिए की 2014 से पहले कांग्रेस के कार्यकाल में हर तरफ आतंकी घटनाएं, लूट, भ्रष्टाचार, भय एवं असुरक्षा का माहौल था। लेकिन अब देश की सीमाएं पूरी तरह से सुरक्षित हैं और आतंकवाद का लगभग सफाया हो चुका है। कोई देश अब भारत को आंख उठाकर नहीं देख सकता।



दमोह में भाजपा की सभा में सीएम यादव व प्रहलाद पटेल



विदिशा संसदीय क्षेत्र में प्रचार के दौरान शिवराज सिंह चौहान



चुनावी सभा में कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी



भोपल के कांग्रेस उम्मीदवार की चुनाव रणनीति पर बैठक

## बाघिन टी 123 के चारों शावक अपनी टेरेटरी बनाने की तैयारी में लगे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



कलियासोत केरवा के जंगलों में बाघों का कुनबा बढ़ रहा है। बाघिन टी 123 के चारों शावक बड़े हो गए हैं। ये अब अपनी मां से अलग होकर अकेले घूमने लगे हैं। ये अपनी टेरेटरी बनाने की तैयारी में लग गए हैं। हाल ही में चंदनपुरा क्षेत्र में एक वीडियो में केवल बाघिन दिखाई दी थी। कलियासोत, चंदनपुरा, मेंडोरा, मेंडोरी के जंगलों में टाइगर का मूवमेंट हैं। यहां टी-123 के साथ ही इसके शावक मौजूद हैं। दो साल की उम्र के बाद शावक बाघिन से अलग होकर अपनी टेरेटरी खोजने लगते हैं। इनकी टेरेटरी जंगल के ऊपर निर्भर करती है।

**तीन दिन पहले पानी में अटखेलियां करते आए नजर:** ती न दिन बाघिन के शावकों का मूवमेंट पानी के सौंसर के पास रिकॉर्ड हुआ। ये पानी में अटखेलियां करते नजर आ रहे हैं। अब ये बाघ की तरह दिखने लगे हैं। गर्मी के कारण जंगल में बने सौंसर के पास ये ज्यादातर नजर आए हैं। वन्यप्राणियों को पानी की कमी न हो इसके लिए जंगल में इंतजाम किए गए हैं। पानी के कृत्रिम कुंड बने हैं।

## जेडी-डीईओ की निरीक्षण रिपोर्ट के बाद निजी स्कूलों को मिली मान्यता-संबद्धता

### लापरवाही हुई या मापदंड पूरे नहीं तो अटक सकती है कई स्कूलों की मान्यता

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश में निजी स्कूलों की मनमानी जारी है। कई बार निजी स्कूलों में मान्यता नियमों का पालन नहीं होने सहित मनमानी की कई शिकायतें मुख्यालय तक आई हैं, जिसके चलते विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ा है। ऐसे में अब लोक शिक्षण संचालनालय ने नए सत्र से निजी स्कूलों की मान्यता और संबद्धता के नियम कड़े कर दिए हैं। स्कूलों का संयुक्त संचालक (जेडी) व जिला शिक्षा अधिकारी (डीइओ) द्वारा निरीक्षण किया जाएगा और इसकी रिपोर्ट भी लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) को भेजनी होगी। जिसके बाद मान्यता जारी की जाएगी। इसके बाद माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिम) उन स्कूलों को संबद्धता जारी करेगा।

### संबद्धता नहीं थी, फिर भी दिए प्रवेश

पिछले सत्र 2023-24 में धार व होशंगाबाद जिले के तीन निजी स्कूलों ने बिना मान्यता नवीनीकरण के विद्यार्थियों का प्रवेश ले लिया था। जब इन विद्यार्थियों का परीक्षा का फार्म मंडल में आया तो पता चला कि इन स्कूलों को संबद्धता नहीं दी गई है। इसके साथ ही अन्य शिकायतें भी विभाग के पास पहुंची हैं।

**मेट्रो एंकर** | पृथ्वीपुर की रितु यादव की यूपीएससी में 470 रैंक

## ट्यूशन पढ़ाकर खुद पढ़ाई की, सात साल के कठिन संघर्ष के बाद अब आईपीएस

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

निवाड़ी जिले के एक छोटे से गांव पृथ्वीपुर की रितु यादव, एक ऐसी कहानी की प्रतीक बन गई हैं जो मेहनत, आत्मविश्वास और परिश्रम के उत्तम उदाहरण के रूप में उभरती है। उनकी कहानी में हर एक कदम पर जीवन की मुश्किलों का सामना करने की एक अद्वितीय ताकत है, जो उन्होंने अपनी माँ और परिवार के सम्मान के लिए किया।

रितु यादव (28) की यूपीएससी में 470 रैंक है। रितु ने बताया कि गांव में पढ़ाई की उचित सुविधा नहीं थी। इसलिए, हम साल 2004 में भोपाल आ गए। परिवार में तीन बहनें और एक छोटा भाई। सभी की जिम्मेदारी मां के ऊपर। ऐसे में मेरी बड़ी बहनों ने पढ़ाई के साथ साथ पार्ट टाइम जॉब करके मुझे पढ़ाया। रितु कहती हैं कि इन हालातों में मैंने भी ट्यूशन पढ़ाकर अपनी पढ़ाई का खर्चा उठाया। रितु ने जीवन के हर एक कदम पर मुश्किलों का सामना किया और आखिरकार सात साल के कठिन संघर्ष के बाद आईपीएस के रुप में अपना मुकाम हासिल किया। रितु कहा कि इस सफलता के पीछे उनके परिवार का समर्थन हमेशा रहा है।

### कॉमर्स की विद्यार्थी और बीएसएसएस से स्नातक

रितु यादव की माता इंद्रा यादव, पूर्व सरपंच रही हैं और पिता मुलायम सिंह यादव राजनीति में रहे हैं। रितु की प्रारंभिक शिक्षा एल्फोंसा स्कूल, पृथ्वीपुर से शुरू हुई, और बाद में भोपाल के सेंट जेवियर्स स्कूल में पूरी हुई। भोपाल के बीएसएसएस कॉलेज से बी.कॉम फॉरेन ट्रेड में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। बीयू गोल्ड मेडलिस्ट के रूप में आनंद विहार गर्ल्स कॉलेज से एम.कॉम की पढ़ाई पूरी की। रितु ने बताया कि दोनों बहनें भी अच्छे स्थानों पर हैं एक बहन एमएनसी में कार्यस्त है और दूसरी आर्मी में मेजर है। भाई भी प्राइवेट संस्थान में उच्च स्थान पर है।




### परिवार ने हताश नहीं होने दिया, मोटिवेट किया

रितु यादव बताती है कि उनकी इच्छा सिविल सर्विसेस में जाने की थी। यूपीएससी की तैयारी के लिए समाजशास्त्र को अपना ऑप्शनल सब्जेक्ट चुना। पहले दो अटैम्प मुझे सिलेबस को समझने में लगा, क्योंकि मैंने कोई कोचिंग नहीं ली थी। इसके बाद प्रिलिम्स में मैथ्स के पोरशन की वजह से दो बार सिलेक्शन नहीं हुआ, ऐसे में मेरे परिवार ने मुझे हताश नहीं होने दिया और मुझे आगे मेहनत करते रहने के लिए मोटिवेट किया। कोविड के दौरान ऑनलाइन क्लासेस लीं और फिर मुझे सिलेबस भी समझ में आया ऐसे में मैंने मैस रिटर्न के लिए खुद को तैयार कर लिया था, लेकिन प्रिलिम्स निकालना चुनौतिपूर्ण था, ऐसे में मेरा पूरा फोकस प्रिलिम्स पर था, और इस बार के एग्जाम में मेरा प्रिलिम्स निकल गया, मुझे पता था कि मैंस के लिए मैंने खुद को प्रिपेयर कर लिया है और मेरा मैंस भी निकला, फिर इंटरव्यू के लिए मैंने कई सीनियर्स के ऑनलाइन इंटरव्यू देखे और दिल्ली जाकर मॉक टेस्ट भी दिए।



सुविचार

''क्यों डरें ज़िन्दगी में क्या होगा
कुछ ना होगा तो तर्जुबा होगा ''

-अज्ञात

# चुनाव में झूठ फैलाने के परिणाम लोकतंत्र के लिए खतरनाक

संपादकीय

## बदलाव के बीच बुनियादी जरूरतें

*महिलाओं के लिये समानता के अवसर पैदा करने और हर जगह उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करने से किसी संस्थान या सरकार की महिलाओं को मौके देने की प्रतिबध्दता तो नजर आ सकती है लेकिन इतना भी काफी नहीं होता,बल्कि महिलाओं की कई निजी परेशानियों के प्रति भी संवेदनशील रवैया इस तरह की प्रतिबध्दता को पूर्णता प्रदान करता है। लेकिन हकीकत में ऐसा होता नहीं। लिहाजा आज इस बात की कल्पना भी परेशान कर रही है कि किसी व्यक्ति को चार-पांच घंटे या उससे ज्यादा देर तक लगातार काम करते रहना पड़े और जरूरत पड़ने भी उसके लिए शौचालय तक की सुविधा न हो। यह समस्या एक विद्रूप बन जाती है जब इस तरह की मुश्किल महिला कर्मचारियों से जुड़ी हो। ताजा मामला रेलवे में कार्यरत महिलाओं के लिये प्रसाधन की व्यवस्था न होने का है। यह रेलचालक समूह से जुडा मामला है। दरअसल देश में चलने वाली रेलगाड़ियों में आमतौर पर सभी डिब्बों में शौचालय की सुविधा होती है और यात्री अपनी जरूरत के मुताबिक उसका उपयोग करते हैं। मगर ट्रेन के इंजनों में आमतौर पर शौचालय की व्यवस्था नहीं होती, जिसकी वजह से चालकों को अन्य विकल्प अपनाने पड़ते हैं। इस बुनियादी सुविधा के अभाव की स्थिति में महिलाओं को कैसी समस्या होती होगी, इसका अंदाजा भर लगाया जा सकता है। यही वजह है कि बीते दिनों महिला ट्रेन चालकों के एक समूह ने रेलवे बोर्ड से आग्रह किया है कि या तो उनके कामकाज की दयनीय परिस्थितियों में सुधार किया जाए या फिर उन्हें अन्य विभागों में स्थानांतरित कर दिया जाए। भारतीय रेल के व्यापक तंत्र में तमाम समस्याओं पर बात होती रही है, उसमें सुधार के लिए काम होते रहे हैं। इसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सेवा बनाने के दावों के बीच बुलेट ट्रेन या अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस ट्रेनों के संचालन की घोषणाएं होती रही हैं।  हाल के समय में भारतीय रेल तेजी से आधुनिकता की तरफ भागने लगी है। कई दर्जन वंदेभारत ट्रेन पटरी पर हैं जिन्हें पटरियों पर चलता हवाईजहाज तक कहा जा रहा है। मगर ट्रेन को चलाने और गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचाने की जिम्मेदारी जिन चालकों पर होती है, उनकी सुविधा-असुविधा पर बहुत कम बात होती है। इंजन में बुनियादी सुविधाओं के अभाव की स्थिति में पुरुष चालक तो किसी तरह अपना काम चला लेते हैं, लेकिन महिलाओं के सामने बहुस्तरीय चुनौतियां होती हैं कि वे अपनी ड्यूटी या फिर निजी जरूरतों के लिए ट्रेन से बाहर कैसे जाएं। उन्हें शौचालय की सुविधा की कमी और माहवारी के समय भी कुछ कामों के लिये एकांत नहीं मिलने से कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। सवाल है कि अत्याधुनिक तकनीकों से लैस उच्च गति वाली ट्रेनें चलाने की घोषणाओं के बीच इनके इंजन को शौचालयों की सुविधा से लैस क्यों नहीं किया जा सकता?  क्योंकि हाल में रेल के इंजनों में कई तरह के बदलावों की बात आई है। यह अच्छी बात है लेकिन बदलाव या उपकरणों की आधुनिकता का लाभ सिर्फ मुसाफिरों को मिले और उपकरणों को दक्षता व जिम्मेदारी के साथ चलाने वाले दल को न मिल तो खराब लगता है। इसलिये भारतीय ट्रेनों में महिला चालकों की जरूरतों का ध्यान रखते हुए अगर रेलगाड़ियों के इंजन में बुनियादी सुविधाओं का इंतजाम किया जाता है, तभी आधुनिकीकरण या रेल्वे को  अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाने के दावों का सही मतलब निकलेगा।*

■ आलोक मेहता



एक फिल्मी लोक गीत 'झूठ बोले कव्वा काटे , काले कव्वे से डरियो' आज भी बहुत लोकप्रिय है और देश दुनिया में बजता सुनाई देता है । यह बात शायद बहुत कम लोगों को याद होगा कि राज कपूर की एक बेहद सफल फिल्म का यह गीत मध्य प्रदेश के एक प्रमुख राजनेता और एक प्रतिष्ठित  व्यापारिक परिवार के सदस्य विठ्ठल भाई पटेल ने लिखा था । वह इंदिरा राजीव युग की कांग्रेस में मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री भी रहे । लेकिन अपने गीत , कविता में ही नहीं सार्वजनिक बयानों भाषणों में स्पष्टवादिता के कारण प्रदेश के कई नेताओं के प्रिय और कई के निशाने पर रहे । वर्षों तक उनके परिवार से निजी संबंधों के कारण दिल्ली दरबार में भी उनके प्रभाव को नजदीक से देखा है । इसलिए वर्तमान लोक सभा चुनाव में आरोप प्रत्यारोप और  राष्ट्रीय स्तर के कुछ शीर्ष नेताओं के पूरी तरह बेबुनियाद और भ्रामक बयान देख सुनकर उनका तथा उनकी बातों और गीत का ध्यान आया । वह तो अपनी कांग्रेस पार्टी के मुख्यमंत्रियों अर्जुन सिंह और दिग्विजय सिंह की गलत बातों का सार्वजनिक विरोध में नहीं चूकते थे । केवल विठ्ठल भाई ही नहीं भारतीय राजनीति में कांग्रेस , भारतीय जनता पार्टी , सोशलिस्ट पार्टियों के कई नेता जनता में झूठ फैलाने के प्रबल विरोधी रहे हैं । उनका मानना रहा है कि गलत भ्रामक बातें और झूठे प्रचार से न केवल व्यक्ति विशेष और पार्टी की विश्वसनीयता खत्म होती है , बल्कि देश की भोली भाली जनता के बीच तनाव , निराशा पैदा होती है ।

इस सन्दर्भ में आजकल कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गाँधी और आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविन्द केजरीवाल के बयान और भाषण सचमुच बहुत आपत्तिजनक और दुखद लगते हैं । प्रतिपक्ष के नेताओं को सत्तारूढ़ प्रधान मंत्री , सरकार और पार्टी की आलोचना, विरोध आदि स्वाभाविक और उचित कहा जा सकता है । लेकिन पूरी तरह झूठे तथ्यों से




जनता को भड़काने तथा निराशा का माहौल बनाने का औचित्य समझ में नहीं आता है । जैसे देश की सभी जांच एजेंसियों , उनके अधिकारियों की नियम कानून से की गई कार्रवाई को बिल्कुल पूर्वाग्रही और अनुचित करार देना । फिर भ्रष्टाचार या अन्य आरोपों पर गिरफ्तारी , जेल , सजा केवल अदालत के आदेश पर ही संभव है । अधिकारी गलत प्रकरण दर्ज करने और कोई कार्रवाई करने पर अदालत से दण्डित होते हैं ।

2014 में भारतीय जनता पार्टी के सत्ता में आने के बाद से केंद्रीय एजेंसी ने मनी-लॉन्ड्रिंग मामलों में 7,264 छापे मारे। एक अधिकृत रिपोर्ट के अनुसार, भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के तहत, प्रवर्तन निदेशालय ने 755 लोगों को गिरफ्तार किया और 1,21,618 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की।केंद्रीय एजेंसी ने पिछले दस वर्षों में धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत 5,155 मामले दर्ज किए, । इसमें  36 मामलों में अदालत से सजा के आदेश  हुए  । पिछले दशक के दौरान अदालतों में दायर 1,281 आरोपपत्रों  पर सुनवाई की तारीखें लग रही हैं । अब इसमें सरकार और एजेंसियों  को कैसे दोषी ठहराया जा सकता है ? राहुल गाँधी और केजरीवाल या उनके समर्थक अन्य विरोधी दलों के नेता इस तरह की कार्रवाई को पूरी तरह राजनैतिक करार दे रहे हैं ? इस तरह वह सम्पूर्ण प्रशासनिक और न्यायिक व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगा रहे हैं । जब वह यह दावा करते हैं कि इस चुनाव में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा को पराजित कर सत्ता में आने वाले हैं , तब क्या वे ऐसे सारे मामले बंद कर कानूनी कार्रवाई खत्म कर देंगे और क्या इन विभागों के अधिकारियों को भी निकाल देंगे ? आखिरकार लोकतंत्र में राजनीतिक दलों की सत्ता बदलती है , पूरी प्रशासनिक कानूनी व्यवस्था नहीं बददलती है ।

इसी तरह पाकिस्तान और चीन की सीमाओं पर सेना द्वारा की जा रही साहसिक कार्रवाइयों पर भरोसा न करने जैसे बयान दिए जा रहे हैं । सेना किसी राजनीतिक पार्टी की नहीं होती । आतंकवाद से लड़ने और सीमा की सुरक्षा के लिए सम्पूर्ण व्यवस्था और समाज का विश्वास सेना पर रहता है । बालाकोट की सैनिक कार्रवाई के सबूत मांगना तो शर्मनाक  है ही अब तो बस्तर में वर्षों से लाखों लोगों मासूम लोगों को हिंसा से आतंकित करते हुए विकास को रोकने और राजनेताओं , पुलिस , सशस्त्र बल के सैनिकों की हत्या करने वाले माओवादी नक्सल आतंकियों के 29 अपराधियों के मुठभेड़ में मारे जाने पर भी कांग्रेस के नेता विरोध के बयान दे रहे हैं । इसे नकली मुठभेड़ और हथियारबंद अपराधियों को शहीद तक कह रहे हैं । हद तो यह है कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल  तक अपनी पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया सुनैत का समर्थन कर रहे हैं । सुप्रिया तो हाल के वर्षों में पार्टी में आई हैं , लेकिन बघेल अपने क्षेत्र और देश के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता विद्याचरण शुक्ल सहित 20 से अधिक कोंग्रेसियों की नक्सल समूह द्वारा हत्याओं को कैसे भूल सकते हैं ? कथित मानव अधिकारों के नाम पर आतंकवादियों और माओवादियों के समर्थन में झूठ फैलाना महापाप ही कहा जाएगा ।

सेना में अग्निवीर योजना के तहत भर्ती पर राहुल गाँधी की असहमति हो सकती है और इसमें देर सबेर संशोधन सुधार हो सकता है । लेकिन यह केवल सरकार का निर्णय नहीं है , तीनों सेनाओं के प्रमुखों , पूर्व अधिकारियों आदि से सलाह करके बनाई गई है । लेकिन राहुल और उनके साथी इसे सेना को कमजोर करने , युवाओं के किसी संकट में मृत्यु का शिकार होने पर अन्य सैनिकों की तरह सम्मान नहीं देने , परिवार को शहीद परिवारों के समान मुआवजा नहीं देने जैसे झूठ को प्रचारित कर रहे हैं । जबकि हाल ही में एक अग्निवीर की मृत्यु पर परिवार को एक करोड़ रूपये से अधिक का मुआवजा तथा अन्य सम्मान सहायता दी गई ।

देश की आर्थिक स्थिति पर इंटरनेशनल मॉनिटरिंग फण्ड तक ने भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ व्यवस्था 202। तक बन जाने की रिपोर्ट दी । बड़े उद्योगों के साथ माइक्रो , स्माल ,मीडियम इंटरप्राइस कंपनियों की संख्या । करोड़ 50 लाख हो गई । ग्रामीण और खादी के कामकाज से लाखों महिलाओं परिवारों को लाभ मिल रहा । लेकिन राहुल केवल अडानी अम्बानी जैसे दो चार घरानों को सब कुछ सौपें जाने के भ्रम फैला रहे हैं । लेकिन क्या टाटा , बिड़ला , किर्लोस्कर , मित्तल , हिंदुजा , जिंदल , सन फार्मा , गोयनका जैसे अनेक समूहों की पचासों कंपनियां प्रगति नहीं कर रही हैं ? अरबों का निर्यात और विदेशी पूंजी निवेश नहीं हो रहा है? छोटे कारीगर , दुकानदार , स्किल्ड वर्कर्स तेजी से आमदनी नहीं बड़ा रहे हैं ? केवल ब्रिटिश राज के युग की तरह सरकारी नौकरियों और जातिगत भेदभाव बढ़ाने के झूठे प्रचार से नेता अपना ही नहीं समाज का नुक्सान कर रहे हैं ।

## निशाना

### आ गए वो पास ?



– कृष्णेन्द्र राय

बढ़ रही है हलचल ।
आ गए वो पास ?
स्वागत गर्मजोशी से ।
बन सकते अब ख़ास ?
राजनीति में कोई ।
ना दुश्मन ना मित्र ।।
इसलिए तो कहते हैं ।
है स्थिति विचित्र ।।
शांत है तकरार ।
पनपा शायद प्यार ।।
आ गया अब वक्त ।
हो चुकता उधार ।।
कब पक जाए खिचड़ी ।
जान कौन ये पाया ।।
कुर्सी सबको प्यारी है ।
है कुर्सी की माया ।।

## आज का इतिहास

- 1884 थॉमस स्टीवंस ने दुनिया भर में पहली बाइक यात्रा शुरू की।
- 1889 50,000 से अधिक लोगों ने अनसाइनड लैंड में वर्तमान में यू.यू.एस. ओक्लाहोमा के राज्य, पूरी तरह से नए ओक्लाहोमा सिटी की स्थापना।
- 1889 50 से अधिक, 000 लोगों ने अनसाइनड लैंड्स में उपलब्ध दो मिलियन एकड़ के टुकड़े का दावा करने के लिए भाग लिया, जो वर्तमान में अमेरिकी राज्य ओक्लाहोमा है, जो पूरी तरह से ब्रांड-न्यू ओक्लाहोमा सिटी का पता लगा रहा है।
- 1895 गोंगचे शंगशु आंदोलन~ 603 उम्मीदवारों शिमोनोसेकि की संधि के खिलाफ एक 10,000 के शब्द की एक याचिका पर हस्ताक्षर किए।
- 1898 अमेरिकी राष्टपति मैककिनले क्यूबा ने बंदरगाहों की नाकाबंदी का आदेश दिया।
- 1911 मुख्य भूमि चीन के प्रमुख विश्वविद्यालयों में से एक, सिंघुआ विश्वविद्यालय की स्थापना, बॉक्सर विद्रोह के परिणामस्वरूप किंग राजवंश द्वारा संयुक्त राज्य अमेरिका को भुगतान की गई क्षतिपूर्ति में एक अप्रत्याशित अधिशेष द्वारा की गई थी।
- 1911 सिंघुआ विश्वविद्यालय, मुख्य भूमि चीन में भ्रामक विश्वविद्यालयों में से एक है, बॉक्सर विद्रोह के परिणामस्वरूप युनाइटेड स्टेट्स को किंग राजवंश द्वारा भुगतान की गई क्षतिपूर्ति में अधिशेष द्वारा वित्त पोषित किया गया था।
- 1911 मुख्य भूमि चीन में अग्रणी विश्वविद्यालयों में से एक सिंघुआ विश्वविद्यालय, की स्थापना की गई थी, बॉक्सर विद्रोह के परिणामस्वरूप किंग राजवंश द्वारा संयुक्त राज्य अमेरिका को भुगतान की।

# क्या कांग्रेस घोषणापत्र मुस्लिम लीग की सोच को प्रतिबिंबित करता है?

■ राम पुनियानी

गत 4 अप्रैल 2024 को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 2024 के आमचुनाव के लिए अपना घोषणापत्र जारी किया। पार्टी ने इसे 'न्याय पत्र' का नाम दिया है। इसमें जाति जनगणना, आरक्षण पर 50 प्रतिशत की ऊपरी सीमा हटाने, युवाओं के लिए रोजगार, इंटर्नशिप की व्यवस्था, गरीबों के लिए आर्थिक मदद आदि का वायदा किया गया है। घोषणापत्र का फोकस महिलाओं, आदिवासियों, दलितों, ओबीसी, किसानों और युवाओं व विद्यार्थियों के लिए न्याय पर है। कांग्रेस के एक प्रवक्ता ने कहा कि घोषणापत्र यह वादा करता है कि भाजपा के पिछले 10 सालों के शासनकाल में समाज के विभिन्न तबकों के साथ हुए अन्याय को समाप्त किया जाएगा।  नरेन्द्र मोदी ने इस घोषणापत्र की निंदा करते हुए कहा कि घोषणापत्र पर (स्वतंत्रता-पूर्व की) मुस्लिम लीग की विघटनकारी राजनीति की छाप है और यह वाम विचारधारा से प्रभावित है। यह सुनकर भारतीय राष्ट्रवादी विचारधारा के सर्जक और आरएसएस के द्वितीय सरसंघचालक एम।एस। गोलवलकर की याद आना स्वाभाविक है, जिन्होंने अपनी पुस्तक 'बंच ऑफ थॉट्स' में बताया है कि हिन्दू राष्ट के लिए तीन आतंरिक खतरे हैं मुसलमान, ईसाई और कम्युनिस्ट। इनमें से दो की चर्चा भाजपा समय-समय पर विभिन्न स्तरों पर करती रही है और अब भी करती है।

साम्प्रदायिकता भाजपा का प्रमुख हथियार है। सन 1937 के राज्य विधानमंडल चुनावों के लिए मुस्लिम लीग के घोषणापत्र और चुनाव कार्यक्रम में मुस्लिम पहचान से जुड़ी मांगें थीं और उसमें समाज के कमजोर वर्गों की भलाई के लिए सकारात्मक कदमों की कहीं चर्चा नहीं थी। भाजपा के आरोपों के जवाब में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने एकदम ठीक कहा कि भाजपा के पुरखे और मुस्लिम लीग एक दूसरे के सहयोगी थे। सच तो यह है कि धार्मिक राष्टवादी समूहों -  मुस्लिम लीग, हिन्दू महासभा और आरएसएस  में अनेक समानताएं हैं। औपनिवेशिक भारत में आ रहे परिवर्तनों की प्रतिक्रिया में ये तीनों संगठन समाज के अस्त होते हुए वर्गों ने गठित किए थे। ब्रिटिश भारत में औद्योगीकरण, आधुनिक शिक्षा के प्रसार व न्यायपालिका और नई प्रशासनिक व्यवस्था की स्थापना के साथ-साथ संचार के साधनों के विकास के कारण कई नए वर्ग उभरे श्रमजीवी वर्ग, आधुनिक शिक्षा प्राप्त वर्ग और आधुनिक उद्योगपति। इससे पुराने शासक वर्ग के जमींदारों और राजाओं-नवाबों को खतरा महसूस होने लगा। उन्हें लगा कि उनका सामाजिक-राजनैतिक-आर्थिक वर्चस्व समाप्त हो जाएगा। उभरते हुए वर्गों के नारायण मेघाजी लोखंडे, कामरेड सिंगारवेलु और कई अन्यों ने श्रमिकों को एकजुट किया। भारतीय



राष्ट्रीय कांग्रेस और कई अन्य दल इन वर्गों की राजनैतिक अभिव्यक्ति के प्रतीक बन कर उभरे। स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व इन दलों के मूलभूत मूल्य थे। मींदारों और राजाओं के अस्त होते वर्गों ने यूनाइटेड पेट्रियोटिक एसोसिएशन का गठन किया, जो अंग्रेजों के प्रति वफादार थी। ये वर्ग जातिगत और लैंगिक ऊंचनीच में पूर्ण आस्था रखते थे। समय के साथ यह संगठन बिखर गय और इसमें से 1906 में मुस्लिम लीग और 1915 में हिन्दू महासभा उभरे। सावरकर ने अपनी पुस्तक एसेंशियल्स ऑफ हिंदुत्व में यह प्रतिपादित किया कि भारत में दो राष्ट हैं ङ्क हिन्दू राष्ट और मुस्लिम राष्ट। इसी से प्रेरित हो कर 1925 में गठित आरएसएस ने हिन्दू राष्ट का एजेंडा अपनाया तो लन्दन में पढ़ने वाले कुछ मुस्लिम लीग समर्थकों ने 'पकिस्तान' शब्द गड़ा। इन दोनों धाराओं के पैरोकार क्रमशः हिन्दू राजाओं और मुस्लिम बादशाहों-नवाबों के शासनकाल को देश के इतिहास का सुनहरा और महान दौर मानते थे। स्वाधीनता आन्दोलन के दौरान दोनों ने अंग्रेजो का भरपूर समर्थन किया। उनकी रणनीति यह थी कि अंग्रेजों के साथ मिलकर वे अपने शत्रु (हिन्दुओं या मुसलमानों) से निपटना चाहते थे। हिन्दू राष्टवाद के प्रमुख स्तंभ सावरकर ने अहमदाबाद में हिन्दू महासभा के 19वें अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा, आज के भारत को एक और एकसार राष्ट नहीं माना जा सकता। उलटे यहाँ दो मुख्य राष्ट हैं हिन्दू और मुसलमान। द्विराष्ट सिद्धांत की आधार पर ही जिन्ना ने 1940 में लाहौर में आयोजित मुस्लिम लीग के अधिवेशन में अलग मुस्लिम राष्ट की मांग की। आरएसएस के अनाधिकारिक मुखपत्र 'आर्गेनाइजर' ने लिखा, ।।।।हिंदुस्तान में केवल हिन्दू ही राष्ट हैं और हमारा राष्टीय ढांचा इसी मजबूत नींव पर रखा जाना चाहिए।।।।यह राष्ट हिन्दुओं, हिन्दू परम्पराओं, संस्कृति, विचारों और महत्वकांक्षाओं पर आधारित होना चाहिए।

मुस्लिम लीग और हिन्दू महासभा ने बंगाल, सिंध और नार्थ-वेस्ट फ्रंटियर प्रोविंस में 1939 में संयुक्त सरकारें बनाईं। सिंध में जब मुस्लिम लीग ने विधानमंडल में पाकिस्तान के गठन के समर्थन में प्रस्ताव पारित किया तब हिन्दू महासभा के सदस्य चुप्पी साधे रहे। सुभाष चन्द्र बोस ने जर्मनी से प्रसारित अपने वक्तव्य में मुस्लिम लीग और हिन्दू महासभा दोनों से ब्रिटिश सरकार के खिलाफ आन्दोलन में शामिल होने की अपील की। ये दोनों और आरएसएस 1942 के भारत छोड़ो आन्दोलन से दूर रहे। सावरकर ने द्वितीय विश्वयुद्ध में जीत हासिल करने में इंग्लैंड की मदद करने का हर संभव प्रयास किया। उन्होंने कहा, ÷हर गाँव और हर शहर में हिन्दू महासभा की शाखाओं को सक्रिय रूप से हिन्दुओं को (अंग्रेज) थल, जल और वायु सेना और फौजी समान बनाने वाले कारखानों में भर्ती होने के लिए प्रेरित करना चाहिए।÷ जिस वक्त सुभाष बोस की आजाद हिन्द जौज, ब्रिटिश सेना से लड़ रही थी, उस समय सावरकर ब्रिटिश सेना की मदद कर रहे थे।

यह साज है कि हिन्दू महासभा और मुस्लिम लीग दोनों अंग्रेजों के हितों की पोषक थीं। सुभाष बोस इन दोनों संगठनों की सांप्रदायिक राजनीति के कड़े विरोधी थी और दोनों ने अंग्रेजों के खिलफ संघर्ष में भागीदारी करने की बोस की अपील पर कोई ध्यान नहीं दिया। जनसंघ के संस्थापक श्यामाप्रसाद मुखर्जी, जो मुस्लिम लीग के साथ बंगाल की गठबंधन सरकार में मंत्री थे, ने वाइसराय को लिखा कि 1942 के आन्दोलन को नियंत्रित किया जाए और यह वायदा किया कि वे यह सुनिश्चित करेंगे कि बंगाल में इस आन्दोलन को कुचल दिया जाये। दिनांक 26 जुलाई, 1942 को लिखे अपने पत्र में उन्होंने लिखा, अब मैं उस स्थिति के बारे में कुछ कहना चाहूँगा जो कांग्रेस द्वारा शुरू किये गए किसी भी व्यापक आन्दोलन के कारण प्रान्त में बन सकती है। जो भी सरकार वर्तमान में शासन कर रही है, उसे युद्ध के इस दौर में आमजनों को भड़काने के किसी भी ऐसे प्रयास, जिससे आतंरिक गड़बड़ियां फैल सकती हैं और असुरक्षा का वातावरण बन सकता है, का प्रतिरोध करना चाहिए।

सुभाष बोस की तरह आंबेडकर भी मुस्लिम राष्ट्रवाद और हिन्दू राष्टवाद की विचारधाराओं को एक खांचे में रखते थे। उन्होंने सन 1940 में प्रकाशित अपनी पुस्तक पाकिस्तान ऑर पार्टीशन ऑफ इंडिया में लिखा, यह अजीब लग सकता है मगर मिस्टर सावरकर और मिस्टर जिन्ना एक राष्ट बनाम दो राष्ट के मुद्दे पर एक-दूसरे के विरोधी होने की बजाय, एक-दूसरे से पूरी तरह सहमत हैं। दोनों सहमत हैं सहमत ही नहीं बल्कि जोर देकर कहते हैं- कि भारत में दो राष्ट हैं एक मुस्लिम राष्ट और दूसरा हिन्दू राष्ट। कोई आश्चर्य नहीं कि दबे-कुचले लोगों के कल्याण की बातें भाजपा-आरएसएस को मंजूर नहीं हैं क्योंकि वे उसके हिन्दू राष्ट्र के एजेंडा के खिलाफ हैं। मुस्लिम राष्ट पाकिस्तान में वंचित वर्गों की क्या स्थिति है, यह हम सब के सामने है। आशा जगाने वाले कांग्रेस के घोषणापत्र की मोदी की आलोचना, उनके विचारधारात्मक पुरखों की सोच के अनुरूप है।

**( लेखक  नेशनल कम्यूनल हार्मोनी एवार्ड से सम्मानित हैं यह उनके विचार हैं)**

**प्राइवेट स्कूलों में निभाई जा रही है सिर्फ औपचारिकता**

# मुख्यमंत्री के आदेश की शिक्षा विभाग के अधिकारी उड़ा रहे धज्जियां



सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।

सिवनी मालवा क्षेत्र में इन दीनों प्राइवेट स्कूलों की बाढ़ सी आ गई है एक मोटी कमाई का जरिया बनते जा रहा है इन संस्थानों पर जिला कलेक्टर से लेकर जिला शिक्षा विभाग का कोई ध्यान नहीं होने के कारण आज इनके हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि अब बो प्रदेश के मुखिया मोहन यादव ने प्राइवेट स्कूलों की मनमानी को रोकने बीते दिनों आदेश जारी किए थे। उसके बाद मध्यप्रदेश शासन शिक्षा विभाग के द्वारा जिले के सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश जारी किए गए थे की मध्यप्रदेश में सभी जिलों में स्कूल संचालकों की मनमानी और कमीशन के धंधे पर लगाम लगाई जाए। लेकिन नर्मदा पुरम के सिवनी मालवा में शिक्षा विभाग के अधिकारी शिकंजा कसना शुरू करने की वजह रिश्तेदारी निभा रहे है।इसलिए तो स्थानी प्रशासन के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। शिक्षा विभाग की टीम ने तीन स्कूल जो अपनी मनमानी कई सालों से कर रहे हैं शिकायत के बाद उनकी जांच करना शुरू कर दी है। जांच टीम को देखकर संचालकों में कोई हड़कंप नहीं है। स्कूल संचालकों के द्वारा अधिकारीयो के निजी स्कूलों में आगमन पर उनका चाय और लस्सी से स्वागत किया जाता है।ओर अपनी अपनी चर्चा में मशगूल रहते हैं। सिवनी मालवा में प्राइवेट स्कूलों की मनमानी को लेकर स्कूलों के द्वारा एक स्थान पर पुस्तक ड्रेस मनमानी फीस ली जा रही है लेकिन कोई कार्रवाई शिक्षा विभाग की टीम नहीं कर पाई।




अब इन निजी स्कूलों के हौसले इतने बुलंद है कि एक स्कूल में तो शिक्षा विभाग की टीम को गेट पर गार्ड ने रोक लिया और जाने नहीं दिया टीम के द्वारा अपना परिचय बताने के बाद भी नहीं जाने दिया शिक्षा विभाग की टीम के द्वारा स्कूल में खबर भेजी गई।उसके बाद अंदर आने दिया और फिर स्वागत का दौर शुरू हो गया इससे यह पता चलता है कि स्कूल संचालकों द्वारा किस प्रकार मनमानी चल रही है जिसे रोकना मुश्किल हो रहा है नगर के पालकों को जिला कलेक्टर से इस और ध्यान देने की अपील की जा रही है। नगर में चौक चौराहा पर जान चर्चाओं का विषय बना है कि इन बड़े स्कूलो में सत्ताधारी सफेद वस्त्र धारण नेताओं की ही चलती है। यह टीम कुछ नहीं बिगाड़ सकती है। वही टीम के द्वारा पत्रकारों को भी कोई जानकारी नहीं दी जा रही है। प्राइवेट स्कूलों में ड्रेस और पुस्तक कॉपी के नाम पर अच्छी खासी लूट मचा रहे हैं। यही नहीं नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्राइवेट स्कूलों की मनमर्जी चल रही है अपनी मनमानी फीस वसूल करने के नाम पर पालकों के जेब पर डाका डाला जा रहा है। पालकों से खेल के नाम पर कंप्यूटर के नाम पर वाचनालय प्रयोगशाला सहित अन्य उपकरणों के नाम से पैसा लिया जा रहा है जो एक जांच का विषय है शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में कई स्कूल तो ऐसे हैं जहां पर खेल मैदान ही नहीं है, सिवनी मालवा में ही ऐसे कितने स्कूल हैं जो आज खेल मैदान का अभाव उनमें देखने को मिलता है इस और भी जिला कलेक्टर को ध्यान देने की आज आवश्यकता है। कई स्कूल ऐसे हैं जहां पर बसों में ठूंस ठूंस कर बच्चों को गांव गांव से लाया जा रहा है।

## पचमढ़ी में चलाया जा रहा मतदाता जागरूकता अभियान




**नर्मदापुरम।** जिले में निर्वाचन 2024 में जिला प्रशासन द्वारा स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ज़िले के प्रसिद्ध पर्यटन हिल स्टेशन पचमढ़ी में सतपुडा एडवेंचर क्लब द्वारा विभिन्न एडवेंचर की गतिविधियों को आयोजित कर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही मतदान करने की शपथ दिलाई जा रही है , ताकि शत प्रतिशत मतदान हो।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस जागरूकता अंतर्गत हुई विभिन्न प्रतियोगिता

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।



नर्मदा कॉलेज में विश्व स्वास्थ्य दिवस पखवाड़े उमंग कार्यक्रम में मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार थीम के अंतर्गत विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी श्रृंखला में आज विद्यार्थियों ने विश्व स्वास्थ्य दिवस ्जागरूकता और आवश्यकता÷ विषय पर निबंध लेखन और स्लोगन प्रस्तुत किये। जिसमें शारीरिक स्वच्छता, उत्तम स्वास्थ्य, दांतों की सफाई, रक्त की नियमित जांच, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज ,एनीमिया ,बुखार मलेरिया और कोरोना के प्रति सजग और जागरूक रहने का संदेश दिया। प्राचार्य डॉ ओ एन चौबे ने कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कहा कि विश्व स्वास्थ्य दिवस आमजन को स्वस्थ जीवन जीने और स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक साथ काम करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को सेहतमंद रहने की शुभकामनाएं दीं। डॉ यास्मीन खान कार्यक्रम की संयोजक रहीं। प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे्- निबंध लेखन में धर्मेंद्र कटारे प्रथम, समर्थ पटवा द्वितीय ,प्रिया चौहान और गजेंद्र अशवारे तृतीय स्थान पर रहे वहीं स्लोगन प्रतियोगिता में मनोज टेकाम प्रथम, प्रिया चौहान द्वितीय, धर्मेंद्र कटारे और समर्थ पटवा तृतीय तथा गजेंद्र अशवारे ने उत्तम प्रदर्शन कर चतुर्थ स्थान प्राप्त किया।

**95 प्रतिशत से नीचे गेहूं का परिवहन न हो जहां वाहन नहीं पहुंच रहें है वहां प्राथमिकता से पहुंचाएं**

# मतदान के दिन कहीं भी विवाद की स्थिति निर्मित न हो : जिला निर्वाचन अधिकारी

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले में हो रहें गेंहू उपार्जन एवं लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदान को लेकर की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने जिले के सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वो सभी गेहूं उपार्जन केन्द्रों में चल रहें उपार्जन कार्यो की प्रति दिन समीक्षा करें। सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं ब्लाक लेवल समिति के सदस्यर जब भी भ्रमण पर जाएं तो उपार्जन केन्द्र में आवश्यक व्यावस्थाओं को चैक करें। निरीक्षण के दौरान प्राप्त शिकायतों का निराकरण करें। कलेक्टर ने सभी उपार्जन कार्य में संलग्न अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे 95 प्रतिशत के नीचे गेहूं का परिवहन न हो यह सुनिश्विचत करें। जिन उपार्जन केन्द्रों में वाहन नहीं पहुंच रहें है, वहां वाहन पहुचाएं और गेहूं का परिवहन करवाएं। कलेक्टर ने बताया गोदाम स्तरीय केंद्रों को भंडारण मोड में कर दिया है और यही भारतीय खाद्य निगम को भी परिवहन कराया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि इस व्यवस्था में कोई भी बाधा उत्पान्न न करें।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी वेयरहाउस में सर्वेयर की व्यवस्था हो जाए। बताया गया कि वर्तमान में 80 अतिरिक्त रूप से सर्वेयर की व्यवस्था की गई है। सभी जगह समिति प्रबंधक एवं वेयरहाउस संचालकों की बैठक की जा चुकी है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मंडी प्रबंधक एवं व्यापारियों सर्वेयर एवं ट्रांसपोर्टरों की बैठक भी कर ली जाए।सभी एसडीएम ने कलेक्टर को अवगत कराया कि अनुविभाग स्तर पर प्रतिदिन 10 से 12 हजार क्विंटल गेहूं की आवक हो रही है। सर्वेयर की ट्रेनिंग भी आज करा ली गई है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि बारिश का आकलन करते हुए सभी खरीदी केन्द्रों में समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

कलेक्टर ने मतदान की तैयारियो के संबंध में सभी एसडीएम को निर्देश जारी करते हुए कहा कि सभी एसडीएम अपने अनुभाग में आर्दश आचार संहिता के उल्लंघन पर प्रभावी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। मतदान के दिन किसी भी स्थान में वाद विवाद की स्थिति निर्मित न हो। इसको दृष्टिगत रखते हुए एसडीओपी एवं पुलिस बल लगातार गस्त करती रहें। इसके पूर्व सभी एसडीएम ने अपने अपने विधानसभा से मतदान दल की रवानगी एवं वापसी, सामग्री वितरण, रूट चार्ट आदि के संबंध में कलेक्टर को अवगत कराया।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी एसडीएम प्रात 11 तक पोलिंग पार्टी की रवानगी कर दें। रवानगी के बाद पोलिंग पार्टी अपने अपने मतदान केन्द्रों तक पहुंची है कि नहीं यह भी सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि सबसे दूरस्थ मतदान केंद्र में पोलिंग पार्टी के पहुंचने एवं वहां से वापसी पर विशेष ध्यान रखा जाए। बताया गया कि मतदान दल के भोजन की व्यलवस्थाक ग्रामीण क्षेत्र में स्व सहायता समूह एवं नगरीय क्षेत्र में संबंधित नगर



पालिका द्वारा की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि मतदान दल की वापसी के दौरान समय की बचत को दृष्टिगत रखते हुए मतदान दल को वाहन में ही भोजन पैकेट दिया जाए।

कलेक्टर ने मतदान दल को मेडिकल किट देने के भी निर्देश दिए, सभी व्यवस्थाओं की 23 अप्रैल को मॉकड्रिल कर ली जाए। कलेक्टर ने कहा कि मतदान के दौरान यदि कोई ईवीएम खराब होती है तो Quick Response Team रखी जाये। कलेक्टर ने वेब कॉस्टिंग के लिए 24 घंटे शिफ्ट में कर्मचारियों को तैनात करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने मतदान के दिन फेक न्यूदज एवं मतदान प्रभावित करने वाले पोस्ट पर जानकारी प्राप्त कर 10 मिनिट में उसका खण्डन जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सौजान सिंह रावत, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डी के सिंह, डिप्टी कलेक्टर बबीता राठौर, सभी एसडीएम एवं गेहूं उपार्जन संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

### निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर 5 कर्मचारियों को निलंबित किया, 1 कर्मचारी की सेवा समाप्त के आदेश जारी

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा चुनाव 2024 में निर्वाचन प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने एवं निर्वाचन ड्यूटी आदेश प्राप्त नही करने तथा सक्षम अधिकारी से बिना अवकाश स्वीकृत कराएं अनुपस्थित रहने पर 5 कर्मचारियों को सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उक्त कर्मचारियों को नियमानुसार जीवन निर्वहन भत्ते की पात्रता रहेगी।

कलेक्टर ने कर्तव्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता बरतने पर तथा अनुशासनहीनता बरतने पर म.प्र. सिविल सेवा नियम 1961 के परिवीक्षा नियम 08 (04) के तहत 1 कर्मचारी की सेवा समाप्ति का आदेश जारी किया है। उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील रहेगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थल सहायक, लोक निर्माण विभाग शिव शंकर कलोसिया को निर्वाचन प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने पर, शा. उत्कृष्ट उमावि बनखेडी के भृत्य श्री विजय शाह को भी प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने पर, सहायक ग्रेड -3 शा0 उमावि सुखतवा के अरविंद्र ठाकुर को प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने, प्राथमिक शिक्षक शा0 उमावि सुखतवा स्वदेश प्रधान को तथा प्राथमिक शिक्षक शा0 उत्कृष्ट उमावि केसला के दीपेश शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

कलेक्टर ने सौपे गए शाखाओं के प्रति लचर एवं लापरवाह कार्य प्रणाली अपनाने, कर्तव्य के प्रति उदासीनता दिखाने एवं अनुशासनहीनता बरतने पर जिला कार्यालय नर्मदापुरम के सहायक ग्रेड-3 विशाल बास्केल को तत्काल प्रभाव से सेवा समाप्त करने का आदेश जारी किया है। उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील रहेगा।

## 26 अप्रैल को विवाह संस्कार सम्पन्न वाले परिवारों के परिजनों से की वोट डालने अपील की



**नर्मदापुरम।** जनपद पंचायत नर्मदापुरम अंतर्गत विधान सभा 137 होशंगाबाद के ग्राम रोहना में मतदान केन्द्र क्रमांक 13 के मतदाताओं से जनपद पंचायत नर्मदापुरम के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत सूत्रकार के नेतृत्व में ग्राम रोहना एवं पतलई में जिन परिवारों में 26 अप्रैल को विवाह संस्कार सम्पन्न होना है, उन परिवारों के परिजनों से अनिवार्यत: वोट डालने की अपील की। 26 अप्रैल को ग्राम रोहना में बबली पिता शंकरलाल केवट का विवाह है इनके परिवार में 08 मतदाता हैं, ग्राम पतलई में शिवम पिता सुरेश यादव का विवाह है इनके परिवार में 04 वोट हैं आज मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत सूत्रकार, ब्लाक समन्वयक रामकुमार गौर, ग्राम पंचायत सचिव विजय चौरे,सहायक सचिव एवं बीएलओ प्रयास गोस्वामी,अनिल मेहरा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नीता मेहरा आंगनवाड़ी सहायिका प्रीति धुर्वे, आशा कार्यकर्ता सरिता धुर्वे द्वारा विवाह वाले दोनों परिवारों से संपर्क कर मतदान करने की समझाइश दी गई।

## विधान सभा में निर्वाचन कराने वाले 262 दलों ने लिया प्रशिक्षण

**नर्मदापुरम।** लोक सभा निर्वाचन 2024 में पॉलिटेक्निक कॉलेज में मतदान दलों का अंतिम प्रशिक्षण संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण के उपरांत अब सीधे चुनाव कराने के लिये दल 25 अप्रैल को पोलिंग बूथ के पर प्रस्थान करेगा। प्रशिक्षण में आज 80 मतदान दलों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया पूर्व के दो दिनों में 182 दलों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया इस प्रकार कुल 262 मतदान दल अब तक प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। इन मतदान दलों में कुल 1048 कर्मचारी हैं जो ईडीसी के माध्यम से मतदान करेंगे। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस में मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत सूत्रकार, नायब तहसीलदार कीर्ति प्रधान एवं सृष्टि डेहरिया ने प्रशिक्षण चल रहे सभी 06 कमरों में जाकर निरीक्षण किया एवं सभी अधिकारी कर्मचारियों से ईडीसी के संबंध में जानकारी ली । इस बार निर्वाचन के दिन 26 अप्रैल को अधिक विवाह होने के कारण मतदान कम नहीं हो इसलिये मतदाता जागरूकता अभियान पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है पूरा प्रशासनिक अमला मतदान के प्रतिशत बढ़ाने पर जोर दे रहा है।

## आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत

सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।



सिवनी मालवा के वलाझिर पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम नर्री में बीती रात आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। काफी देर तक जब युवक घर नही पहुंचा तब घर वाले उसकी तलाश में निकले तो तब जाकर पता चला कि युवक के ऊपर बिजली गिर गई। बीट प्रभारी सुरजीत सिंह ठाकुर ने बताया कि केवलाझिर पंचायत के गांव नर्री निवासी महेंद्र पिता अमर सिंग कासदे 32 वर्ष खेत मे काम कर रहा था। उसी दौरान मौसम में अचानक बदलाव आ गया। मौसम में बदलाव देखकर युवक महेंद्र काम खत्म कर घर लौटने लगे तभी अचानक आसमान में बिजली कड़की और युवक पर गिरी। इस घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। रात करीब 10 बजे ग्रामीणों को इसकी खबर लगी तो वे खेत पहुंचे जहां महेंद्र कासदे मृत हालत में पड़ा था। परिजनों ने उसे सिवनी मालवा स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए जहां पर आज सुबह उसका पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंपा।

**मेट्रो एंकर** | **होशंगाबाद-नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र के दोनों प्रत्याशियों के बीच में है दिलचस्प और कड़ा मुकाबला**

# फिलहाल जनता जनार्दन है मौन तो सांसद होगा कौन?

नर्मदापुरम, संतोष सिंह चंदेल।

बाबू और बाबाओ की शरणास्थली मां नर्मदा तट और उसके आसपास बसने वाले इतिहासकार साहित्यकार कवि और क्रांतिकारियों की जन्मस्थली माने जाने वाली होशंगाबाद नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र में इस बार लोकसभा के चुनाव में कड़ा मुकाबला माना जा रहा है। पूरे प्रदेश की नजर इस लोकसभा चुनाव पर टिकी हुई है क्योंकि दोनों ही प्रत्याशियों के बीच में चुनावी घमासान होना है इस बीच मतदाताओं ने मौन धारण कर रखा है। जहां भारतीय जनता पार्टी ने प्रत्याशी के रूप में दर्शन सिंह चौधरी को मैदान में उतारा है जो किसानो की लड़ाई लड़ते-लड़ते आज राजनीतिक क्षेत्र में आए हैं और लोकसभा चुनाव में अपना भाग्य अजमा रहे हैं। तो वहीं दूसरी ओर कांग्रेस ने अपने प्रत्याशी के रूप में तेंदूखेड़ा से जाने-माने चेहरा अपने रसूख और बाहुबली के नाम से पहचाने जाते संजय शर्मा पर अपना दावा लगाया है। दोनों के बीच में चुनावी घमासान होना है अब क्षेत्र की जनता अपना सांसद किसको चुनती है यह आने वाला समय ही बताएगा। लेकिन फिलहाल दोनों ही उम्मीदवारों को कम नहीं आंका जा सकता है। इसी लोकसभा सीट पर जब राष्ट्रीय नेता अर्जुन सिंह और सरताज सिंह के बीच में लोकसभा चुनाव हुआ था तब भी इस लोकसभा सीट पर जीत के लिए पूरे प्रदेश की नजर थी उसके बाद इस बार के चुनाव में भी वही स्थिति देखने को मिल रही है। हुआ कुछ यूं था कि होशंगाबाद नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस ने अर्जुन सिंह को सांसद रहे



और लगातार तीन बार से जीत रहे भाजपा के सरताज सिंह को पराजित करने के लिए चुनावी मैदान में उतारा था। राजनीति के चाणक्य कहे जाने वाले अर्जुन सिंह का प्रचार का तरीका इतना प्रभावी था कि जनता के बीच बाबूजी के नाम से लोकप्रिय सरताज सिंह की लोकप्रियता के कारण एक नहीं चली और श्री सिंह चुनाव हार गए। जब परिणाम आए तो राजनीति के जानकार भी चौंक गए। जनता ने अर्जुन सिंह के मुकाबले सरताज सिंह को चुना था। मैं आपको फिर एक बार याद दिलाना चाहूंगा कि इस लोकसभा संसदीय क्षेत्र की जो जनता है वह जागरूक समझदार और अपने कर्तव्य का निर्वहन करना अच्छी तरह से जानती है। विष्णु प्रसाद कामथ जैसे दिग्गज कर चुके इस लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व यह किस्सा होशंगाबाद लोकसभा क्षेत्र और यहां की राजनीति की दशा-दिशा समझने की इच्छा रखने वालों के लिए राजनीति की मोटी किताब का एक पन्ना भर है। नर्मदा कछार के इस क्षेत्र की राजनीति कभी सरल रही तो कभी अबूझ और जटिल मानी जाती है जो आज तक इसकी गहराई के पैमाने को नहीं नाप सकी है।

नरसिंहपुर से नर्मदा पुरम तक नर्मदा नदी के बहाव के साथ फैले होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र में अपवाद छोड़ दें तो उद्योगों जैसा कुछ नहीं है। तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह के समय सिवनी मालवा के बनापुरा में एक सोयाबीन प्लांट का एक बड़ा उद्योग स्थापित किया गया था लेकिन सोयाबीन की आवक के आभाव में वह भी बंद हो गया। कस्बों और गांवों में फैले इस संसदीय सीट की बड़ी आबादी मां नर्मदा के आंचल में खेती-किसानी करती है। इसी संसदीय क्षेत्र को पूरे देश में अपनी पहचान दिलाने वाले स्व. माखनलाल चतुर्वेदी, भवानी प्रसाद मिश्र और हरिशंकर परसाई जैसे साहित्य की विभूतियों से लेकर पूरे देश में प्रेम का संदेश देने वाले रजनीश (ओशो) जैसे विचारकों ने इसी माटी पर जन्म लिया। गाडरवारा से निकले रामेश्वर नीखरा भी सांसद चुने गए। उनकी गिनती प्रदेश के बड़े नेताओं में तो थी ही वे कांग्रेस सेवा दल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी रहे। इसी नरसिंहपुर से ठाकुर निरंजन सिंह जैसे भी नेता निकले जो पहली विधानसभा मध्य प्रांत सीपी बरार की विधानसभा में पं. रविशंकर शुक्ल के सामने विपक्ष के नेता थे। वे बाद में दो बार राज्यसभा सदस्य भी रहे।

### जातिगत आधार भी नहीं बांट सका इस लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं को

होशंगाबाद-नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र की एक बड़ी विशेषता यह भी रही है कि यहां का वोट बैंक कभी जातीय आधार पर नहीं बंटा। जब रामेश्वर नीखरा यहां से चुने जाते थे तब उनके अग्रहरि बनिया समाज के मतदाता की संख्या बहुत कम थी लेकिन रामेश्वर नीखरा वर्ष 1980 और 1984 में जनता जनार्दन ने चुनाव जीत कर संसद में भेजा। यह ही नहीं इसी तरह पूरे इलाके में सिख बाहुल्य एक वार्ड तक नहीं होने के बावजूद बाबूजी के नाम से विख्यात सरताज सिंह ने लगातार चार बार अपनी जीत दर्ज कर वे अटल बिहारी वाजपेयी की 13 दिन की सरकार में केंद्रीय मंत्री भी रहे। जैन परिवार कम होने के बावजूद श्वेतांबर जैन सुंदरलाल पटवा ने राजकुमार पटेल को पटखनी देकर जीत हासिल की। बात केवल जातिवाद की नहीं है बल्कि मतदाताओं की समझ की भी है। भाजपा का गढ़ बनने के बाद वर्ष 2009 में जब भाजपा ने उदयपुरा के रामपाल सिंह को मैदान में उतारा तो जनता ने कांग्रेस से सांसद के रूप में इसी क्षेत्र के निवासी राव उदयप्रताप को चुना। बाद में राव उदयप्रताप सिंह भाजपा में शामिल हुए और दो बार से लगातार जीत हासिल की। इस संसदीय क्षेत्र में 8 विधानसभा क्षेत्र है नर्मदापुरम, सिवनी-मालवा, सोहागपुर, पिपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, तेंदुखेड़ा, उदयपुरा जिनमे कुल मतदाता- 17,88,556 पुरुष मतदाता- 9, 23,854 महिला मतदाता- 8,64, 650 थर्ड जेंडर- 52 शामिल है जो लोकसभा के सांसद प्रत्याशी के भाग्य का फैसला करेगी।

# जल संकट के बाद भी नपा की लापरवाही, हजारों लीटर पानी हो रहा बर्बाद



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

बरसात कम होने के कारण केथन मैं बहुत कम मात्रा में पानी बचा हुआ है। शहर के कई मोहल्ले में पानी को लेकर मुश्किलों का सामना करना पड़ा है काफी दूर से पानी लाने को मजबूर है । कई मोहल्ले में रहने वाले लोग बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। दूसरी ओर कई दिनों से आरोग अस्पताल के पास वाले नाले में से निकली नगर पालिका की लाइन में लीकेज होने से हजार लीटर पानी व्यर्थ में बर्बाद हो चुका है अभी भी पानी बर्बाद हो रहा है लाइन लेकर ठीक नहीं की जा रही है इसी तरह पानी बर्बाद होता रात और भी बुरे हालात नगर में उत्पन्न हो सकते हैं। शहर में पानी की कमी को देखते हुए क्षेत्रीय विधायक, एसडीएम ने पानी बचाने के लिए सभी कदम उठाते हुए पुराने जल स्रोतों को जीवित करने के लिए सभी प्रयास किया जा रहे हैं। दूसरी ओर नगर पालिका परिषद के जिम्मेदार अधिकारियों या कर्मचारी की लापरवाही के कारण कई दिनों से लीकेज लाइन को ठीक करने का काम नहीं किया इस वजह से इसमें से हजारों गैलन पानी बर्बाद हो चुका है। पिछले कई दिनों से इसी तरह पानी निकल रहा है सूचना के बाद भी जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे है।

# गरीब के झोपड़े में लगी आग मदद के लिए उठे कई हाथ

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

उत्कृष्ट मार्ग पर रहने वाले हरि नारायण विश्वकर्मा के घर में शनिवार रविवार की रात्रि मैं अज्ञात करण से आग लग गई थी। जिसकी चपेट में आने से पूरा घर तथा गृहस्थी का सामान महत्वपूर्ण कागजात आदि नष्ट हो गए हरिनारायण विश्वकर्मा अत्यंत गरीबी में अपना जीवन यापन अपनी पत्नी के साथ उत्कृष्ट रोड के निकट एक झोपड़ी बनाकर कर रहे हैं। इनका एक-एक दिन बड़ी कठिनाई के साथ व्यतीत हो रहा है। दूसरी और झोपड़ी नष्ट होने से उनकी हालत भी ज्यादा खराब हो गई थी बड़ी मुश्किल सी ने झोपड़ी तैयार की थी रहने के लिए। वहीं इनकी मदद करने के लिए प्रशासन सामाजिक लोग और पत्रकार सामने आए जहां प्रशासन ने आर्थिक रूप से सहायता से उपलब्ध कराने के लिए एसडीएम हर्षल चौधरी ने तत्काल पटवारी को भेज कर पंचनामा बनवाया आर्थिक सहायता के लिए राशि दस हजार रुपए भी मंजूर करवाएं दिए दूसरी ओर समाजसेवी और पत्रकारों ने मिलकर आर्थिक सहायता भी 4100 रुपए के करीब उपलब्ध कराई खाने पीने के समान का भी इंतजाम किया है।



नगर पालिका के अकाउंटेंट राम प्रकाश साहू ने हरिनारायण तथा पत्नी को कपड़े वा खाने पीने का सामान प्रदान किया इसके अलाव भारतीय जनता पार्टी के नेता सीताराम कुशवाहा ने इनकी देखरेख की जिम्मेदारी लेते हो व्यवस्था कराई लिया है और नगर पालिका परिषद के माध्यम से प्रशासन ने दीनदयाल रसोई के माध्यम से उनके दोनों समय के भोजन की व्यवस्था की है पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष रोहिताश शर्मा ने सभी दानदाताओं और प्रशासन का धन्यवाद व्यक्त किया है।

## 1475 मतदानकर्मियों का द्वितीय रेण्डमाइजेशन हुआ



# रजिस्टर पर हस्ताक्षर के पहले लगाई जाएगी मतदाता की बायीं तर्जनी पर अमिट स्याही

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

**लोकसभा चुनाव 2024 के अंतर्गत विदिशा जिले के अंतर्गत आने वाली दोनो संसदीय क्षेत्र क्रमशः सागर एवं विदिशा के विधानसभा क्षेत्रों हेतु मतदानदल कर्मियों का द्वितीय रेण्डमाइजेशन शनिवार को कलेक्टर श्री बुद्धेश कुमार वैद्य की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ है। कलेक्टर ने बताया कि मतदानकर्मियों के द्वितीय रेण्डमाइजेशन तहत विधानसभाएं आवंटित की गई है जिले की कुल पांचो विधानसभाओं के लिए 1475 मतदानकर्मियों का द्वितीय रेण्डमाईजेशन निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइड लाइन का अक्षरशः पालन सुनिश्चित कराते हुए सम्पन्न हुआ है। एनआईसी के व्हीसी कक्ष में आयोजित मतदानकर्मियों के द्वितीय रेण्डमाइजेशन प्रक्रिया को एनआईसी के डीआईओ श्री एमएल अहिरवार के द्वारा संपादित कराई गई है। इस दौरान बतलाया गया कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 05 सागर के अंतर्गत जिले की तीन विधानसभाएं क्रमशः 146 कुरवाई के लिए 326 मतदान दल, 147 सिरोंज के लिए 279 मतदान दल तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 148 शमशाबाद के लिए 278 मतदान दलो का रेण्डमाईजेशन हुआ है।**

इसी प्रकार लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 18 विदिशा के अंतर्गत जिले की दो विधानसभाएं क्रमशः 144 विदिशा के अंतर्गत 304 मतदान दलो का जबकि 145 बासौदा के लिए 288 मतदान दलो का रेण्डमाइजेशन कार्य उप जिला निर्वाचन अधिकारी व समस्त सहायक रिटर्निंग आफीसरो के समक्ष सम्पन्न कराया गया है। अंगुली का निरीक्षण भी करेंगे मतदान अधिकारी - भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के मुताबिक लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान केन्द्र पर वोट डालने पहुंचे मतदाता की बायीं तर्जनी पर अमिट स्याही का निशान मतदाता रजिस्टर पर उसके हस्ताक्षर करने के पहले लगाया जाएगा।

गौरतलब हो कि ऐसा इसलिए किया जायेगा ताकि मत देने के बाद मतदाता के मतदान केन्द्र छोड़ने तक अमिट स्याही को सूखने और एक सुस्पष्ट अमिट चिन्ह बनने के लिए पर्याप्त समय मिल जाये। मतदाता की अंगुली पर अमिट स्याही नाखून से लेकर अंगुली के पहले पोर तक लगायी जायेगी।

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अमिट स्याही लगाने के पहले मतदान अधिकारियों द्वारा मतदाता की बायीं तर्जनी का निरीक्षण भी किया जायेगा। यदि निरीक्षण में यह देखने में आता है कि किसी मतदाता ने अमिट स्याही के चिन्ह को प्रभावहीन करने के लिए अपनी अंगुली पर तैलीय या चिकनाईयुक्त पदार्थ लगा लिया है तो मतदान अधिकारी द्वारा उस मतदाता की अंगुली पर अमिट स्योही का चिन्ह लगाने के पहले किसी कपड़े के टुकड़े की सहायता से ऐसा तैलीय या चिकनाई युक्त पदार्थ को हटा दिया जायेगा ।

आयोग के निर्देशों में मतदान अधिकारियों से स्पष्ट कहा गया है कि यदि कोई मतदाता निर्देशों के विपरीत अपनी बायीं तर्जनी का निरीक्षण करने या अमिट स्याही लगाने से इंकार करें या उसकी बायीं तर्जनी पर ऐसा कोई चिन्ह पहले से ही हो अथवा वह स्याही को हटाने की दृष्टि से कोई भी कृत्य करे तो उसे मत देने के लिए अनुमति नहीं दी जाये। आयोग ने यह भी कहा है कि मतदाता को अपना मत रिकार्ड करने के लिए मतदान कक्ष में जाने की अनुमति देने के पहले नियंत्रण यूनिट के प्रभारी मतदान अधिकारी द्वारा भी उसकी अंगुली की दुबारा जांच की जानी चाहिए। यदि मतदाता ने स्याही को हटा दिया है या स्याही का चिन्ह अस्पष्ट है तो उसकी बायीं तर्जनी पर दुबारा अमिट स्याही का चिन्ह लगा दिया जाये।



आयोग के मुताबिक मतदान कर चुके मतदाता की पहचान के लिए अमिट स्याही का चिन्ह मतदाता की बायीं तर्जनी की अंगुली पर लगाया जायेगा। लेकिन यदि किसी मतदाता की बायीं तर्जनी न हो तो अमिट स्याही उसकी ऐसी किसी भी अंगुली में लगाई जायेगी जो उसके बायें हाथ में हो। यदि उसके बाये हाथ में कोई भी अंगुली न हो तो स्याही उसकी दायें हाथ की तर्जनी पर लगाई जायेगी और यदि उसके दायें हाथ की तर्जनी भी न हो तो उसकी दायीं तर्जनी से प्रारंभ करते हुए उसके दायें हाथ की किसी भी अन्य अंगुली पर स्याही लगाई जायेगी। परन्तु यदि किसी मतदाता के किसी भी हाथ में कोई भी अंगुली न हो तो स्याही उसके बायें या दायें हाथ के ऐसे सिरे ठूंठ पर जो भी उसके हो लगायी जायेगी।

मतदान प्रारंभ करने के डेढ़ घंटे पहले मॉक पोल होगा - लोकसभा का चुनाव कराने नियुक्त मतदान दलों के पीठासीन अधिकारियों को अपने अपने मतदान केन्द्र में वास्तविक मतदान प्रारंभ करने के डेढ़ घंटे पहले मॉक पोल दिखावटी मतदान कराना होगा। निर्वाचन आयोग के मुताबिक मॉक पोल में कम से कम 50 मतों का होना चाहिए और इसे उम्मीदवारों के मतदान अभिकर्ताओं की मौजूदगी में कराना चाहिए। पीठासीन अधिकारी को मॉंक पोल के परिणामों से मतदान अभिकर्ताओं को अवगत कराना होगा। निर्वाचन आयोग के मुताबिक पीठासीन अधिकारी मतदान प्रारंभ होने के डेढ घंटे पूर्व मॉक पोल दिखावटी मतदान करायेंगे। मॉक पोल प्रारम्भ करते समय कम से कम दो अभ्यर्थियों के मतदान अभिकर्ता उपस्थित रहना चाहिये। यदि मॉंक पोल के समय कोई भी मतदान अभिकर्त्ता उपस्थित न होए नि ऐसी स्थिति में पीठासीन अधिकारी अधिक से अधिक 15 मिनट मॉक पोल शुरू करने के लिये प्रतीक्षा कर सकता हैए और यदि तब भी कोई मतदान अभिकर्ता नहीं आते हैं- तो पीठासीन अधिकारी मॉक पोल शुरू कर सकते हैं। मॉक पोल में यह सुनिशित करनाम होगा कि मतदान कोष्ठ में सभी अभ्यर्थियों के लिए मत डाले गये हैं।

निर्वाचन आयोग के अनुसार मॉक पोल दिखावटी मतदान प्रारंभ करने के पहले ईव्हीएम की बैलेट यूनिट तथा वीपेट को मतदान प्रकोष्ठ में रखना होगाए, जबकि ईव्हीएम की कंट्रोल यूनिट को पीठासीन अधिकारी अथवा उस मतदान अधिकारी के टेबल पर रखना होगा। जो बैलट यूनिट और व्हीव्हीपेटे मशीन सही प्रकार से जोड़ने के बाद कंट्रोल यूनिट का इस्तेमाल करेगा। मॉक पोल में डाले गये मतों का अभिलेख पीठासीन अधिकारी अथवा मतदान अधिकारी को रखना होगा। मॉंक पोल की व्हीव्हीपेट की पर्चियों को भी इनके पीछे के भाग में मॉक पोल पर्ची की रबर सील लगानी होगी और इन पर्चियों को मोटे काले कागज के लिफाफे में रखकर पीठासीन अधिकारी की सील से मुहरबंद कर और हस्ताक्षर कर सुरक्षित रखना होगा।

# सीएम राइस स्कूल व कन्या उमावि के बीच मतदाता जागरूकता को लेकर मैच




**सिरोंज ।** मतदाता जागरूकता को लेकर खेल विभाग एवं शिक्षा विभाग द्वारा सी. एम.राइज मैदान पर मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत सी.एम.राइज स्कूल और शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (संकुल) सिरोंज के बीच टेनिस बॉल क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया । जिसमें शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 80 रन का लक्ष्य सी . एम.राइज स्कूल टीम को दिया। 10 ओवर में 75 रन ही बना सकी और शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (संकुल) सिरोंज (5)पांच रन से यह मैच जीत गया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य मनोज शर्मा, एवं सी.एम.राइज प्राचार्य महेश कुमार ताम्रकार, उपस्थित थे । खेल शिक्षक शान मियां, खेल शिक्षक जमशेद खान, खेल विभाग के केशव शर्मा, अजय कुशवाहा, अनवार उल्ला, आशुतोष शर्मा, महेश कुशवाहा, जिया उद्दीन, अयाज खान, मो शमीम, आदि खिलाड़ियों मैच खेलकर मतदाता जागरूकता अभियान में भाग लिया।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मतदाताओं को जागरूक किया, बांटे पंपलेट



**सिरोंज।** मतदाताओं की लोकसभा चुनाव में भागीदारी बढ़ाने के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के कार्यकर्ताओं ने शत् प्रतिशत मतदान हेतु विकसित भारत यात्रा का शुभारंभ किया यह यात्रा 19 दिनों तक विभिन्न कॉलेजों,गांव,चौक चौराहे पर जाकर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए पत्रक भेंट कर,नुक्कड़ नाटक कर मतदान हेतु प्रेरित किया । अखिल भारतीय राष्ट्रीय मंत्री ने दुकान दुकान पहुंचकर मतदान करने के लिए अपील की और पंपलेट भी देकर वोटिंग के महत्व से अवगत करते हुए कहा कि देश के विकास के लिए वोट करने अवश्य रूप से जाएं। यह चुनाव देश की दिशा निर्धारित करने वाला चुनाव है। यात्रा 5 में तक चलेगी। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं भी मौजूद थे।

**मेट्रो एंकर** | सुबह से लेकर देर शाम तक हुए धार्मिक आयोजन

# महावीर स्वामी के जन्मोत्सव पर जैन समाज ने शहर में निकाला भव्य चल समारोह





सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

रविवार को भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याण महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया ।श्री दिगंबर नवयुवक मंडल के द्वारा चल समारोह निकाला गया जिसका जगह-जगह विभिन्न समाज सेवी संगठनों ने स्वागत किया सुबह से लेकर देर शाम तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हुए गरीबों को भोजन भी कराया प्रातः काल प्रभात फेरी निकाली । घेताल गाली स्थित बड़े जैन मंदिर पर बुलाआ हुआ इसके बाद सुबह अभिषेक शांति धारा के बाद सुबह 8 बजे से बड़े जैन मंदिर से ही महावीर स्वामी का चल समारोह प्रारंभ हुआ रथ पर भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा विराजमान थी जिसको जैन समाज जन अपने हाथों से खींचते हुए चल रहे थे। भगवान महावीर स्वामी की जगह-जगह जैन समाज जनों के अलावा अन्य समाज जनों समाज सेवी संगठनों के द्वारा आरती करके के वंदना की गई। डीजे के धुन पर बज रहे महावीर स्वामी के भक्ति भाव से ओतप्रोत भजनों पर युवा झूमते नाचते चले थे। नवयुग मंडल के बैंड से आकर्षित ध्वनि निकल रही थी महिला मंडल भी चल समारोह की शोभा बढ़ा रही थी सभी समाजजन कतार बाध्य होकर एक सी वेशभूषा में चल रहे थे। शोभायात्रा कठली बाजार ,कस्टम पथ छतरी नाका लिंक रोड के बाद हाजीपुर जैन मंदिर पहुंची वहां पर पूजा अर्चना के बाद हाजीपुर ,कोर्ट गेट पुराने बाजार से होते हुए वापस घेताल गली में पहुंचकर संपन्न हुई जहां पर मां आरती के बाद विभिन्न कार्यक्रम हुए इसके अलावा मंदिरों में महावीर स्वामी जन्म कल्याण दिवस बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया मंदिर में अभिषेक, शांति धारा करने के लिए समाज जनों की भीड़ लग रही इसी तरह गरीब को भोजन भी कराया गया तथा अन्य धार्मिक और संस्कृत कार्यक्रम भी संपन्न हुए सभी कार्यक्रमों में जैन समाधानों ने बढ़-चलकर भाग लिया। वहीं प्रातः काल प्रभात फेरी भी निकल गई जो मंदिर से प्रारंभ होकर वापस मंदिर में पहुंचकर ही संपन्न हुई। सभी जैन समाज जनों ने अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर सभी धार्मिक आयोजनों में उत्साह के साथ भाग लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज जन मौजूद थे।



### आईपीएल: पंजाब 9वें और बेंगलुरु 10वें नंबर पर कायम

# टॉप-6 में पहुंची गुजरात, आज मुंबई के पास टॉप-4 में आने का है मौका

**मुंबई, एजेंसी**

आईपीएल 2024 के 36 मैच पूरे हो गए हैं। रविवार को 2 मैच खेले गए। पहले मैच में कोलकाता ने बेंगलुरु को एक रन से हराया। वहीं गुजरात ने पंजाब को 3 विकेट से हराया। इन नतीजों से कोलकाता दूसरे और गुजरात छठे नंबर पर पहुंच गई। वहीं पंजाब 9वें और बेंगलुरु 10वें नंबर पर कायम है।

### मुंबई बना सकती है टॉप-4 में जगह

मुंबई इंडियंस के 7 मैचों में 3 जीत और 4 हार से 6 पॉइंट्स है। टीम फिलहाल 7वें नंबर पर है, लेकिन आज का मैच जीतने पर 8 पॉइंट्स के साथ छठे नंबर पर पहुंच जाएगी। जीत अगर 60 या उससे ज्यादा रन के अंतर से रही तो टीम चौथे नंबर पर भी पहुंच सकती है। हारने पर टीम 7वें नंबर पर ही रहेगी। ऑरेंज कैप अब भी विराट के पास विराट कोहली अब भी टॉप रन स्कोरर हैं, उनके नाम 8 मैचों में 379 रन हैं। दूसरे नंबर पर स्न्ना के ट्रैविस हेड हैं, उनके नाम 324 रन हैं। आज केकेआर के रियान पराग के पास 63 रन बनाकर टॉप करने का मौका है।



### केकेआर ने हैदराबाद को पीछे किया

कोलकाता नाइट राइडर्स ने पहले मैच में 6 विकेट पर 222 रन बनाए। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम 20 ओवर में 221 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। कोलकाता के अब 7 मैचों में 5 जीत और 2 हार से 10 पॉइंट्स हो गए। टीम हैदराबाद को पीछे कर दूसरे नंबर पर पहुंची, इससे पहले च्चक्रतीसरे नंबर पर थी। बेंगलुरु को 8 मैचों में 7वीं हार मिली, टीम महज एक जीत के बाद 2 पॉइंट्स लेकर 10वें नंबर पर बरकरार है।

### गुजरात छठे नंबर पर

रविवार को दूसरे मैच में पंजाब किंग्स ने मुल्लांपुर में 142 रन बनाए। गुजरात ने 19.1 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया। गुजरात के अब 8 मैचों में 4 जीत और 4 हार से 8 पॉइंट्स हो गए। टीम 7वें से छठे नंबर पर पहुंच गई। पंजाब के 8 मैचों में 2 जीत और 6 हार से 4 ही पॉइंट्स हैं और टीम 9वें नंबर पर बरकरार है। आज एमआई के रोहित शर्मा 10 चौके लगाकर पहले नंबर पर पहुंच सकते हैं।

### आज राजस्थान हारी तो भी टॉप पर ही रहेगी

17वें सीजन में आज राजस्थान रॉयल्स का सामना मुंबई इंडियंस से होगा। मैच जयपुर में शाम 7.30 बजे शुरू होगा। राजस्थान 7 मैचों में 6 जीत और एक हार से 12 पॉइंट्स लेकर पहले नंबर पर है। आज का मैच जीतने पर टीम 14 पॉइंट्स के साथ टॉप पर अपनी सिचुएशन स्ट्रॉन्ग करेगी। वहीं हारने पर भी टीम टॉप पर ही रहेगी, क्योंकि उनसे नीचे 2 टीमों के 10-10 पॉइंट्स ही हैं।

**पर्पल कैप के टॉप-2 प्लेयर्स की जंग आज:** एमआई के जसप्रीत बुमराह 13 विकेट के साथ टॉप विकेट टेकर हैं। वहीं युजवेंद्र चहल 12 विकेट के साथ दूसरे नंबर पर हैं। एमआई के ही जेराल्ड कूट्जी के नाम भी 12 विकेट हैं। आज जो भी बॉलर ज्यादा विकेट लेगा, वह टॉप पर पहुंच सकता है। हेनरिक क्लासन 26 छक्के लगाकर टूर्नामेंट के टॉप सिक्स हिटर हैं। उनके बाद स्न्ना के ही अभिषेक शर्मा ने 20 सिक्स लगाए हैं। आज रियान पराग 7 सिक्स लगाकर टॉप पर पहुंच सकते हैं। टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा चौके ट्रैविस हेड ने लगाए हैं, उनके नाम 6 मैचों में 39 चौके हैं। विराट कोहली 36 चौकों के साथ दूसरे नंबर पर हैं।

### मुंबई के लिए तिलक ने सबसे ज्यादा रन बनाए

शुरुआती मुकाबले हारने वाली मुंबई इंडियंस की टीम की बैटिंग व बॉलिंग दोनों फेल रही। टीम के लिए इस सीजन सबसे ज्यादा रन तिलक वर्मा ने बनाए। उन्होंने 2 मैच 89 रन बनाए हैं। बॉलिंग में जसप्रीत बुमराह ने टीम में सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए हैं।

### टॉप ऑर्डर बैटर पराग ने बनाए सबसे ज्यादा रन

राजस्थान रॉयल्स के लिए पहले दो मैचों में सब कुछ सही रहा। बल्लेबाज से लेकर गेंदबाज तक सभी फॉर्म में नजर आ रहे हैं। इस सीजन क्र्कके युवा टॉप ऑर्डर बैटर रियान पराग टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए, उनके नाम 127 रन हैं। वहीं स्पिनर युजवेंद्र चहल ने सबसे ज्यादा 3 विकेट झटके हैं।

### हेड टु हेड में मुंबई आगे

एमआई और आरआर के बीच आईपीएल में 28 मैच खेले गए। 15 में मुंबई और 12 में राजस्थान को जीत मिली। एक मैच बेनतीजा भी रहा। दोनों टीमों के बीच आखिरी मुकाबला पिछले साल मुंबई में ही खेला गया था। इसमें मुंबई को 6 विकेट से जीत मिली थी। दोनों टीमों के बीच वानखेड़े स्टेडियम में 8 मुकाबले खेले गए, 5 में मुंबई और 3 में राजस्थान को जीत मिली। वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई ने 78 मुकाबले खेले, टीम ने 61 फीसदी यानी 48 मैच जीते। महज 29 में टीम को हार मिली, वहीं एक मैच टाई भी रहा।

### एशियन ओलंपिक क्वालीफायर

# भारतीय महिला पहलवान चमकीं, लेकिन पुरुष पहलवानों ने किया निराश



### विनेश फोगाट और अंशु मलिक ने कटाया पेरिस ओलंपिक का टिकट

**बेलग्रेड, एजेंसी**

भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट और अंशु मलिक ने शनिवार को यहां एशियाई कुश्ती ओलंपिक क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन करते हुए ओलंपिक कोटा हासिल किया। विनेश ने महिलाओं की 50 किग्रा भारवर्ग के सेमीफाइनल में कजाकिस्तान की लौरा गैनिक्जी को 4.18 मिनट में तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 10-0 से हराया और ओलंपिक कोटा हासिल किया। अब फाइनल में उनका मुकाबला उज्बेकिस्तान की अक्तेंगे क्यूनिमजेवा से होगा। शुरुआत से ही रहा विनेश का दबदबा विनेश ने इवेंट की शुरुआत से ही अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। सेमीफाइनल से पहले हुए दो मुकाबलों में भी उन्होंने एकतरफा जीत दर्ज की। अपने पहले मुकाबले में उन्होंने कोरियाई प्रतिद्वंद्वी मिरान चेओन को केवल 67 सेकंड में हरा दिया।

### मानसी को करना पड़ा हार का सामना

62 किग्रा में मानसी अहलावत को सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा और वह ओलंपिक कोटा हासिल करने से चूक गई। उन्हें सेमीफाइनल में उत्तर कोरियाई पहलवान ह्योन जी मून से 0-6 से मात खानी पड़ी।

### 57 किग्रा में अंशु का जलवा

अंशु तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर फाइनल में - 2021 विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता अंशु मलिक ने महिलाओं की 57 किग्रा भारवर्ग के सेमीफाइनल में उज्बेकिस्तान की लैलोखोन सोबिरोवा को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 2.48 मिनट में पटखनी दी। अब अंशु मलिक फाइनल में चीन की केक्सिन हांग से भिड़ेगी। क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया था, अब वे कर्गिस्तान की कलमीरा बिलिमबेकोवा को मात दी थी।

### अमन सहरावत चूके

पहलवान अमन सहरावत पुरुषों के 57 किग्रा सेमीफाइनल में हार के साथ पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल से चूके उन्हें उज्बेक पहलवान गुलोमजोन अब्दुल्लेव से शिकस्त झेलनी पड़ी।

# शूटिंग : 25 मीटर में मनु भाकर ने चयन ट्रॉयल में ही तोड़ा डाला विश्व रिकॉर्ड

**नईदिल्ली, एजेंसी**

मनु भाकर ने ओलंपिक चयन ट्रायल वन में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल क्वालीफिकेशन में शानदार प्रदर्शन करते हुए छह अंक से विश्व रेकॉर्ड तोड़ा। डॉ करणी सिंह शूटिंग रेंज में ओलंपियन मनु शीर्ष पर रहीं।

पांच रैपिड फायर शॉट्स की दस सीरीज में उनका स्कोर 47 था। हालाकि महिलाओं के 25 मीटर पिस्टल ओएसटी में ईशा अभी भी आगे हैं। उन्होंने क्वालीफाइंग में 585 अंक बनाए हैं। मनु दूसरे स्थान पर हैं जबकि सिमरन प्रीत, अभिंध्या और



रिदम सांगवान उनसे पीछे हैं। अनीश भानवाला ने शीर्ष पर रहने के साथ पुरुषों का 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल का ट्रायल जीता। विजयवीर सिद्धू उनसे छह अंक पीछे रहे। आदर्श सिंह तीसरे, भावेश शेखावत चौथे और अंकुर गोयल पांचवें स्थान पर रहे।

# सेमीफाइनल में पहुंचे सितसिपास अब दुसान लाजोविच से होगा सामना

### बार्सिलोना ओपन टेनिस - तीन सैटों तक चला मुकाबला

**बार्सिलोना, एजेंसी**

ग्रीस के टेनिस सुपरस्टार स्टेफानोस सितसिपास बार्सिलोना ओपन में अर्जेंटीना के फेसुंडो डियाज अकोस्टा को तीन सेटों में हराकर रोमांचक जीत हासिल की और सेमीफाइनल में पहुंच गए। स्टेफानोस सितसिपास ने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में डियाज़ अकोस्टा को 4-6, 6-3, 7-6(8) से हराया। मैच के बाद सितसिपास ने कहा, मैच में एक समय ऐसा था जब मैं हारने के करीब ा था लेकिन मैंने हार नहीं मानी और जीतने के लिए पूरी ताकत लगा दी।

**तीन बार के फाइनलिस्ट-** 25 वर्षीय, जो बार्सिलोना में तीन बार फाइनलिस्ट हैं, 2022 की शुरुआत से एटीपी रैंकिंग में शीर्ष 20 से बाहर के खिलाड़ियों के खिलाफ 28-2 का रिकॉर्ड रखता है। वह उस रिकॉर्ड को बनाए रखना चाहेंगे, सेमीफाइनल में उनका मुकाबला नंबर 59 दुसान लाजोविच से होगा। लाजोविक ने फ्रेंचमैन आर्थर फिल्स को 6-4, 3-6, 6-2 से हराया था।



**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

# आयुष की आवाज में 'पहला इश्क' सुन बेटी ने कान पर रख लिए हाथ...



एक्टर आयुष शर्मा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'रुसलान' की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। एक्टर ने सोशल मीडिया पर अपनी बेटी के साथ एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह अपनी बेटी आयत को अपनी फिल्म का गाना 'पहला इश्क' सुनाते नजर आ रहे हैं। जबकि आयत अपने कानों पर हाथ रखती नजर आ रही है। वीडियो को हास्य और गर्मजोशी के साथ कैप्शन देते हुए, आयुष ने लिखा, 'मुझे आपकी मदद की जरूरत है, मेरे आखिरी इश्क को मेरा पहला इश्क पसंद नहीं आया, आपकी आवाज चाहिए।' इस वीडियो के जरिए आयुष अपने फैंस को इस प्यार के जश्न में शामिल होने के लिए आमंत्रित करते हैं। वह फिल्म के गाने 'पहला इश्क' पर फैंस को अपनी आवाज देने के लिए कहते हैं। उन्होंने कहा, 'मेरे परिवार की मंजूरी मेरे लिए सर्वोपरि है और घर पर हर कोई फिल्म के माहौल का आनंद ले रहा है। अपने बच्चों के साथ 'पहला इश्क' साझा करना अमूल्य है, ऐसे क्षण ही इसे सार्थक बनाते हैं।' फिल्म में सुश्री मिश्रा, जगपति बाबू और विद्या मालवड़े भी हैं। यह फिल्म 26 अप्रैल को रिलीज होगी।

# सिनेमा में जो बदलाव आया है उसका श्रेय दर्शक को: सारा

फिल्म 'ऐ वतन मेरे वतन' में स्वतंत्रता सेनानी उषा मेहता की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री सारा अली खान को लगता है कि देश में एक क्रांति की जरूरत फिर से हैं। महिलाओं को केंद्र में रखकर फिल्में बनने लगी हैं। उन्होंने कहा, जिस तरह से महिलाओं को लेकर कहानियां लिखी जा रही हू, इंडस्ट्री में बदलाव आया है उसका श्रेय मैं दर्शकों को देती हू। अगर ऐसी फिल्में देखेंगे और ऐसी फिल्मों के प्रति सहानुभूति व्यक्त करेंगे तो ही ऐसी फिल्में बनेगी। सिनेमा में जो भी बदलाव जब भी आया है उसका पूरा श्रेय दर्शकों को ही जाता है। आपको उड़ने के लिए जो पंख चाहिए, वे आपके पास ही हैं, उन्हें बाहर ढूंढने की जरूरत नहीं है।



### खुद बने पहचान

एक महिला होने के नाते मैं इस बात को समझती हूं। हमें ये याद रखना होगा कि हम अपनी खुद की पहचान और आवाज हैं। अपने फैसले लेने का अधिकार एक महिला को खुद ही होना चाहिए है।

# राजेश खन्ना ने बेटी ट्विंकल को दी थी पति अक्षय कुमार की लगाम खींचने की सलाह



ट्विंकल खन्ना और अक्षय कुमार की जोड़ी बॉलीवुड की हिट जोड़ियों में से एक है। इन दोनों को लोग खूब पसंद करते हैं। अक्षय कुमार की फिल्में और ट्विंकल की किताबें और कॉलम पर लोगों की नजर रहती है। दोनों ने 17 जनवरी, 2001 को शादी रचाई थी। इन दिनों ट्विंकल के पिता दिवंगत राजेश खन्ना का एक पुराना वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह अपनी बिटिया को सलाह देते दिखाई दे रहे हैं।

### हेरा फेरी वाला ही आदमी है वह

सोशल मीडिया पर राजेश खन्ना का जो वीडियो वायरल हो रहा है, वह काफी मजेदार है। राजेश खन्ना के मजाकिया अंदाज से हर कोई वाकिफ है। इस पुराने वीडियो में भी उनका यह अंदाज साफ-साफ देखा जा सकता है। दरअसल, राजेश खन्ना वीडियो में कह रहे हैं कि हमारा जमाई राजा कभी भुल भुलैय्या करता है, कभी हेरा फेरी करता है, कभी हेरा फेरी 2 करता है। बहुत हेरा फेरी करता है। हेरा फेरी वाला ही आदमी है वह। इसी वीडियो में राजेश खन्ना अपनी बेटी ट्विंकल को सलाह देते हुए नजर आए। वह ट्विंकल से कह रहे है कि देखो टीना बाबा। जरा, इसकी (अक्षय कुमार) लगाम खींच के रखना, लेकिन इतनी भी नहीं खींचना कि टूट जाए। मालूम हो कि वह ट्विंकल को प्यार से टीना बुलाते थे। उनके इस मजाकिया को देखकर आसपास के लोग ठहाके लगाते हुए सुनाई दे रहे हैं।



### मेट्रो बाजार

# छोटे शहरों में ब्रांडेड ज्वैलर्स के 500 से भी अधिक स्टोर खुलेंगे

**नईदिल्ली, एजेंसी**


जेम-ज्वैलरी के निर्यात में 2023-24 में 15 फीसदी की गिरावट आने के बीच देश में ब्रांडेड ज्वैलरी कंपनियां अपना तेजी से विस्तार कर रही हैं और छोटे शहरों पर फोकस कर रही हैं। लंदन के बुलियन रिसर्च फंड मेटल फोकस ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया कि भारत के टॉप 5 ब्रांडेड ज्वैलरी रिटेल चेन दो-तीन वर्ष में देश में 500 से अधिक ज्वैलरी स्टोर खोलने की तैयारी में हैं। नए स्टोर खोलने की रेस में मझोले और छोटे ज्वैलरी ब्रांड भी शामिल हैं। देश की कुल ज्वैलरी बिक्री में बड़े रिटेल चेन की हिस्सेदारी अभी 37 फीसदी है जो अगले दो सेल तीन साल में बढ़कर 45 फीसदी तक पहुंच सकती है। तनिष्क जैसे ब्रांड शॉपिंग मॉल्स में स्टोर की संख्या बढ़ा रहे हैं, वहीं रिलायंस ज्वेल्स, कल्याण ज्वैलर्स, मालाबार गोल्ड और जोयालुक्कास भी नए स्टोर खोल रहे हैं।



आदित्य बिड़ला समूह ने भी इस बढ़ते क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए नोवेल ज्वेल्स ब्रांड नेम के तहत 5,000 करोड़ रुपए के निवेश की घोषणा की है। कल्याण ज्वैलर्स ने अगले दो से तीन साल में कम से कम 130 नए स्टोर खोलने की घोषणा की है। कंपनी ने 2023-24 में 71 नए स्टोर खोले। इसके कुल स्टोर्स की संख्या 253 हो गई है। तनिष्क ने भी मार्च तिमाही 2024 में 27 नए स्टोर खोले, जबकि कैरेटलेन के 10 नए स्टोर खुले। इनमें से अधिकतर स्टोर टियर 2 और टियर 3 शहरों में खुले हैं। महंगाई बढ़ने से ग्लोबल मांग में कमी आने के साथ भू-राजनीतिक संघर्ष के कारण रत्न और आभूषणों के निर्यात में मंदी आई है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार तनाव ने भी व्यापार को बाधित किया है। रत्न-आभूषण निर्यात में 2024 की दूसरी छमाही से सुधार देखने को मिल सकता है।

# यूपीआइ लेनदेन के लिए नए विकल्प मिलेंगे

**मुंबई, एजेंसी।** यूपीआइ लेनदेन में फोन-पे, गूगल-पे की हिस्सेदारी को सीमित रखने को भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआइ) बड़े कदम उठाने की तैयारी में है। अभी यूपीआइ से होने वाले कुल लेनदेन में 85त्न हिस्सेदारी इन दो कंपनियों के पास है। इन दोनों की मोनोपोली से निपटने के लिए इस माह एनपीसीआइ के अधिकारी क्रेड, फ्लिपकार्ट, अमेजन व अन्य फिनटेक कंपनियों के प्रतिनिधियों से मिलेंगे और उनके प्लेटफॉर्म पर यूपीआइ लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए चर्चा करेंगे। एनपीसीआइ ने



पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस को नए भुगतान सेवा प्रदाता बैंक हैंडल पर उपयोगकर्ताओं का स्थानांतरण शुरू करने की अनुमति दे दी है। एनपीसीआइ ने पेटीएम को यूपीआइ पर तीसरे पक्ष के ऐप्लिकेशन प्रदाता के रूप में काम करने की अनुमति दी है। चार बैंक एसबीआइ, ऐक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक और यस बैंक पेटीएम के बैंक हैंडल के रूप में काम करेंगे। यानी पेटीएमयूपीआइ हैंडल वाले यूजर अब इन बैंकों के साथ नए खाते बना सकते हैं।

# पीएम का रोड-शो: 25 आईपीएस करेंगे मॉनिटरिंग, दो हजार पुलिसकर्मी रखेंगे चप्पे-चप्पे पर नजर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 अप्रैल को भोपाल में रोड-शो करेंगे। मिंटो हाल से न्यू मार्केट तक करीब डेढ़ किलो मीटर लंबा उनका रोड-शो प्रस्तावित है। इसमें फेरबदल भी हो सकता है। प्रधानमंत्री के रोड-शो के लिए पुलिस-प्रशासन ने सुरक्षा खाका तैयार कर लिया है। पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारी ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था में करीब 2 हजार पुलिस जवान तैनात रहेंगे। करीब 25 आईपीएस सुरक्षा व्यवस्था की मानिटरिंग करेंगे। जमीन से लेकर आसमान तक पुलिस की नजर रहेगी। इसको लेकर रविवार को पुलिस अधिकारियों ने बैठक भी की है। साथ ही एसपीजी के साथ रूट का सर्वे किया।

पुलिस कमिश्नर ने बताया कि खुरापातियों पर नजर रखने के लिए दूरबीनों, ड्रोन से निगरानी की जाएगी। पुलिस ने रूट को सुरक्षा के लिहाज से अलग-अलग सेक्टर में बांटा है। हर सेक्टर पर प्रभारी के तौर पर राजपत्रित अधिकारी तैनात रहेंगे। पुलिस जमीन से लेकर आसमान तक निगरानी रखेगी। सड़क के दोनों तरफ पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवान तैनात होंगे। वहीं मकान-दुकान की छतों पर भी जवान तैनात रहेंगे।

## एसपीजी ने रूट का निरीक्षण किया, ड्रोन से होगी निगरानी

### वैकल्पिक रूट एसपीजी के साथ सर्वे

रविवार को पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्र ने पीएम को मिलने वाली एसपीजी के अधिकारियों के साथ वैकल्पिक रूट का सर्वे किया। इस दौरान अधिकारियों ने रूट में पड़ने वाले सभी रास्ते, मकानों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा किया। इधर, रोड-शो वाले रूट को नगर निगम चमकाने में जुटा है। सड़कों की सफाई, डिवाइडर की रंगाई-पुताई का काम शुरू कर दिया गया है।



### रूट हाई अलर्ट जोन घोषित

पुलिस ने वैकल्पिक रूट को हाई अलर्ट जोन घोषित किया है। रोड में वीआईपी का काफिला रहेगा। जबकि दोनों तरफ के रास्तों के किनारे पीएम प्रशंसक रहेंगे। भीड़ के बीच सादे कपड़ों में भी पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। यह जवान भीड़ में असामाजिक गतिविधियां करने वाले लोगों पर पैनी नजर रखेंगे। इस भूमिका में रहने वाले पुलिसकर्मियों की छंटनी की गई है। उनका वेरीफिकेशन किया जा रहा है।

## मां की डांट से क्षुब्ध 13 साल के बच्चे ने लगाई फांसी

**बाहर गिल्ली-डंडा खेलने पर लगाई थी फटकार**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित शिव नगर करोंद इलाके में रविवार शाम 13 साल के बच्चे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से कुछ देर पहले मां ने उसे घर के बाहर गिल्ली-डंडा खेलने को लेकर डांट लगा दी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर तफ्तीश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक शिव नगर करोंद निवासी रामदास साहू मसाले का काम करते हैं। परिवार में पत्नी व दो बच्चे हैं। एक बड़ी बेटी है और उससे छोटा 13 साल का बेटा गौराक्ष साहू था। रविवार दोपहर गौराक्ष मोहल्ले के बच्चों के साथ घर के बाहर गिल्ली-डंडा खेल रहा था। धूप अधिक होने की वजह से मां ने खेलने को लेकर उसे फटकार लगा दी। मां की डांट के बाद गौराक्ष घर आ गया था। कुछ देर बाद मां व बड़ी बहन सो गई थीं। इस बीच शाम करीब चार बजे गौराक्ष ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। मां व बहन की नींद खुलने पर घटना की जानकारी हुई। शोर सुनकर पड़ोसी भी मौके पर पहुंच गए थे। फौरन बच्चे को फंदे से उतारकर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि गौराक्ष स्कूली छात्र था।

## घर में थी शादी नव विवाहिता ने लगा ली फांसी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित प्रताप वार्ड में नव विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस का कहना है कि घर में उसके देवर की रविवार को शादी थी और उसने सुबह ही फांसी लगा ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार सोना अहिरवार पति प्रदीप अहिरवार (23) की तीन साल पहले ही प्रदीप से शादी हुईड़थी। प्रदीप प्राइवेट काम करता है। प्रदीप के छोटे भाई की रविवार को शादी थी। रिश्तेदार भी आए हुए थे। सुबह करीब दस बजे के आसपास सोना अंदर कमरे में थी और उसने दरवाजा बंद कर लिया। काफी देर तक उसने दरवाजा नहीं खोला तो परिजन ने किसी तरह से दरवाजा तोड़ा था। इस दौरान सोना फांसी के फंदे पर लटकी मिली। उसे अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने बताया कि उसकी मौत हो चुकी है। पुलिस का कहना है कि परिजन के अभी बयान नहीं हो सके हैं। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि परिवार में देवर की शादी होने के कारण काम का दबाव अधिक था और इसी बात को लेकर परिजन से उसकी कहासुनी हुई थी।

### देर रात देवकी नगर ओवर ब्रिज के पास हुआ हादसा, पुलिस ने जब्त किया डंपर

# डंपर ने बाइक सवार दंपती को मारी टक्कर, पति की मौत, पत्नी व बच्चे को मामूली चोट





**भोपाल, दोपहर मेट्रो। निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित देवकी नगर ब्रिज के पास रविवार देर रात डंपर ने बाइक सवार दंपती को टक्कर मार दी। हादसे के समय बाइक पर दंपती का पांच महीने का मासूम बच्चा भी था। इस हादसे में बाइक चला रहे पति की टायर में दबने से मौत हो गई, जबकि पत्नी और महीने के मासूम को मामूली चोट आई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। पुलिस ने डंपर जब्त कर लिया है। आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।**

पुलिस के अनुसार फेज मियां पति नवाब मंसूरी (24) पुल बोगदा, ऐशबाग में रहता था और प्राइवेट काम करता था। रविवार को वह पत्नी और पांच महीने के मासूम बच्चे के साथ निशातपुरा में रिश्तेदारी में गया था। वहां से परिवार बाइक से लौट रहा था। वे लोग देवकी नगर फाटक के पास पहुंचे ही थे कि पीछे से आ रहे डंपर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। बाइक पर पीछे से टक्कर लगने से फेस सड़क की ओर गिराड़था, जबकि उसकी पत्नी समन और पांच महीने का बच्चा सड़क की दूसरी ओर गिरे थे। सड़क पर गिरने के कारण डंपर का अगला पहिया फेज पर से गुजर गया था। इस हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### परिजन ने किया हंगामा

हादसे के बाद डंपर का चालक डंपर छोड़कर फरार हो गया। इधर परिजन को भी हादसे की सूचना मिल गई थी। परिजन और रिश्तेदार देवकी नगर फाटक पहुंचे और जमकर हंगामा किया। वे डंपर में तोड़फोड़ और आग लगाने का प्रयास कर रहे थे। हालांकि मौके पर मौजूद पुलिस ने उन्हें समझाइश दी तभी उनका गुस्सा शांत हो सका।

## पिपलानी थाने के पास अज्ञात बाइक सवार ने बुजुर्ग को मारी टक्कर, इलाज के दौरान मौत



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** पिपलानी थाने के सामने रविवार रात सब्जी खरीदने पहुंचे 67 साल के बुजुर्ग को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बुजुर्ग सड़क पर मुंह के बल गिरे थे। उन्हें गंभीर चोट आई थी और एम्स अस्पताल ले जाया गया, वहां कुछ देर चले इलाज के बाद डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन और चालक की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार मोहन नायर (67) सोनागिरी एक सेक्टर पिपलानी में रहते थे। वे गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र की एक फैक्ट्री से रिटायर्ड हुए थे। रविवार रात वह पिपलानी थाने के सामने लगने वाल हाट में सब्जी खरीदने पहुंचे थे। इस दौरान मुख्य सड़क पर किसी बाइक चालक ने तेजी और लापरवाही से बाइक चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में मोहन नायर को मुंह और नाक में गंभीर चोट थी।

## रंजिश में युवक पर किया पिता-पुत्र ने चाकू से हमला, हाथ में तीन जगह गंभीर चोट



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

ऐशबाग स्थित महामाई का बाग, पुष्पा नगर में रविवार सुबह पिता-पुत्र ने मिलकर एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया। युवक ने चाकू के तीन हमले हाथ से रोके थे और उसे हाथ में गंभीर चोट आई है। पुलिस युवक की शिकायत पर पिता-पुत्र के खिलाफ चाकूबाजी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार लाल सिंह पिता सुरेश सिंह (30) पुष्पा नगर, ऐशबाग में रहता है और नींबू पानी का ठेला लगाता है। उसके कमरे के सामने आटो चालक ललित रहता है। ललित के पिता अनिल शराब पीने के आदी है और कई बार सुरेश के साथ बैठकर शराब पीते थे। लाल सिंह और अनिल की कुछ दिन से रंजिश चल रही थी। इसी रंजिश के चलते दोनों में बातचीत नहीं हो रही थी। लाल सिंह रविवार सुबह करीब सवा 9 बजे के आसपास घर के बाहर खड़ा होकर गालीगलौज कर रहा था। इस पर अनिल को लगा कि लाल सिंह उसे गालियां दे रहा है। अनिल अपने बेटे ललित के साथ लाल सिंह के पास पहुंचा और गाली देने का कारण पूछने लगा। इस पर विवाद बढ़ गया। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने पिता-पुत्र ने आरोपी पर चाकू से हमला कर दिया। हमला लाल सिंह ने अपने हाथ से रोका था। इससे उसके हाथ में तीन जगह गंभीर चोट आई है।


**मेट्रो एंकर** | **आरोपी शहर से बाहर के रहने वाले, पुलिस कर रही वाहन मालिक की तलाश**

# संदिग्ध हालत में घूम रहे स्कार्पियो सवार तीन युवक पिस्टल के साथ पकड़ाए

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

अवधपुरी इलाके में काले रंग की स्कार्पियो लेकर संदिग्ध हालत में घूम रहे तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पिस्टल, स्कार्पियो और मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। पुलिस स्कार्पियो मालिक का पता लगाने का प्रयास कर रही है। तीनों युवक शहर से बाहर के रहने वाले हैं। वह यहां क्यों आए थे, इसको लेकर पूछताछ की जा रही है।

एसआई रामदेनी राय ने बताया कि शनिवार रात सूचना मिली कि काले रंग की स्कार्पियो पर सवार तीन संदिग्ध युवक पंचमुखी हनुमान मंदिर के नीचे वाले रास्ते पर पहाड़ी की तरफ गए हैं, जिनके पास अवैध हथियार हो सकते हैं। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने देखा कि एक स्कार्पियो झाड़ी के पीछे छिपाकर खड़ी की गई है। पुलिस ने स्कार्पियो को घेरा और उसमें सवार युवकों को अंदर ही बैठे रहने की हिदायत दी। उसके बाद तीनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उन्होंने अपने नाम डेविड बाकट निवासी रामपाईली जिला बालाघाट, विकास दांगी निवासी दुरसड़ा जिला दतिया और सागर शिवहरे निवासी रामनगर दतिया बताया। तलाशी लेने पर तीनों के पास से एक पिस्टल, एक खाली मैगजीन, सैमसंग, एप्पल और ओप्पो कंपनी के मोबाइल फोन समेत अन्य दस्तावेज जब्त हुए। स्कार्पियो के बारे में पूछने पर युवकों ने बताया कि उनके दोस्त की है, लेकिन पुलिस ने जब रजिस्ट्रेशन नंबर चैक किया तो वह किसी दूसरे व्यक्ति के नाम पर निकली। इस पर पुलिस ने स्कार्पियो और पिस्टल समेत अन्य सामान जब्त कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया। एसआई राय ने बताया कि स्कार्पियो मालिक से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है। उसके मिलने के बाद ही पता चल पाएगा कि उक्त गाड़ी इन युवकों के पास कैसे पहुंची थी।







स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022